CMYK

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 18 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 192 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2




पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स



रमजान मुबारकः इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय



तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोलेः भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

मुंबई, वार्ता

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



- दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया
- मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए
- जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है।

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका

इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।



- कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला
- हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।

- पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
- ईरान सरकार बोलीः जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं



नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

- 53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपाहियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देबी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

## यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

### विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

### सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिंताजनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल


**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

## चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी घ1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

CMYK

# प्रशिक्षण से मिलती है चुनौतियों को अवसर में बदलने की सीखः सीएम

## भाजपा दीनदयाल उपाध्याय मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला आयोजित

**■ कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी व विधायक हुए शामिल**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी के इस प्रशिक्षण को कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नए उत्साह और नवीन परिवर्तन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि एकमात्र पार्टी है जिनके कार्यक्रम निर्बाध गति से चलते रहते हैं। समय-समय पर संगठन मे नवीनता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित होते हैं। यह प्रशिक्षण हम सब कार्यकर्ताओं को सिखाएगा कि कैसे चुनौतियों को अवसर में बदल जाता है और कैसे जन सेवा के क्षेत्र में हमें संवे. दनशीलता और समर्पण की वृद्धि करनी है।

रेसकोर्स में स्थित एक सार्वजनिक स्थल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्बाध चलने वाले कार्यक्रमों के चलते ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर स्थापित हुई है। इस अभियान से हमें और बेहतर स्पष्ट होगा कि किस तरह हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उसको विकास में सहभागी बनाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बार-बार देश और प्रदेश की जनता का पीएम मोदी के नेतृत्व में हमें मौका देना बताता है कि वह झूठ, भ्रम, अफवाह और खोखले वादों पर विश्वास नहीं करती है। प्रदेश की जनता भी आज बेहद समझदार है और उसकी निर्णय की क्षमता अद्‌भुत है। वह काम पर विश्वास करती है और सकारात्मक बदलाव से प्रभावित होती है। सबके सहयोग से सभी कार्य सही हो रहे हैं, लिहाजा हमें सिर्फ इस पर विचार करना है कि कैसे उसे ठीक तरह से लोगों तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा भाजपा केवल चुनावी नहीं समाज के मार्गदर्शन की भूमिका में भी काम करती है। लिहा. जा ऐसे प्रशिक्षण से तैयार कार्यकर्ता, ऐसा संगठन का निर्माण करते हैं जो वोट के साथ जनता का विश्वास भी अर्जित करते हैं।



### प्रशिक्षण से होगा संगठन से राष्ट्र निर्माण लक्ष्य प्राप्ति को कार्यकर्ता निर्माणः अमरपाल

क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रभारी अमरपाल मौर्य ने स्पष्ट किया कि संगठन से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यकर्ताओं का निर्माण इससे होगा। इस मौके पर सीएम धामी ने प्रशिक्षण की जरूरत पर बल देते हुए कहा, आज जनता झूठ, भ्रम, अफवाह, खोखले वादों पर विश्वास नहीं करती है, जिसका परिणाम है केंद्र और राज्य में भाजपा का चुनाव।

### प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा, प्रशिक्षित कार्यकर्ता वोट के साथ अर्जित करता है जनता का विश्वास

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी कार्यकर्ताओं के सामाजिक कार्यक्षेत्र की कुशलता और विस्तार के लिए बहुत आवश्यक है। जिसमें आने वाले दिनों में संगठन की रीति नीति, विचार और सिद्धांत के साथ कार्यपद्धति को बारीकी से समझने और दोहराने का अवसर मिलेगा। समय समय पर संचालित होने वाली यह वृहद प्रशिक्षण श्रृंखला ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और श्रेष्ठ पार्टी बनाती है। हम सबको आत्मसार करना चाहिए कि भाजपा एक राजनैतिक संगठन है जो सामाजिक सरकारों के लिए काम करता है। लिहाजा हम ऐसे प्रशिक्षण से योग्य, क्षमतावान, संवेदनशील और जागरूक कार्यकर्ता का निर्माण करते हैं जो जनता के वोट से अधिक, उसका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य पर काम करता है। भट्ट ने कहा, यह प्रशिक्षण ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है जो वोट से अधिक जनता का विश्वास भी अर्जित करते हैं।

### कार्ययोजना बैठक में इनकी रही मौजूदगी

कार्ययोजना बैठक में अभियान के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल दीप्ति रावत, अभियान सह संयोजक प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, रमेश चौहान, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, आशा नौटियाल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, कस्तूभानंद जोशी, पुष्कर काला, आदित्य चौहान, सतीश लखेड़ा, विनय गोयल ,राजेंद्र नेगी, हनी पाठक, कमलेश रमन, कुंवर जपेंद्र समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, अभियान की जिला टोली के सदस्य शामिल हुए।

# 24 को कुमाऊं व 26 को गढ़वाल मंडल की होगी प्रशिक्षण कार्यशालाः अजेय

**■ 26 को कुमाऊं और 28 फरवरी को गढ़वाल मंडल की जिला कार्यशाला का होगा आयोजन**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान के अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 फरवरी को कुमाऊं मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला और 26 फरवरी को गढ़वाल मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

इसी तरह 26 फरवरी को कुमाऊं और 28 फरवरी को गढ़वाल में जिला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 7 से 14 अप्रैल के मध्य, मंडल प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किए जाएंगे। प्रशिक्षण को लेकर उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण 2 सत्रों में 4 घंटे का होगा, जिसमें बूथ अध्यक्ष, पालक, समिति एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद मंडल स्तर का प्रशिक्षण सात सत्रों में 24 घंटे का होगा जिसमें शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र से जुड़े हुए प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। जिले स्तर पर 11 सत्रों में प्रशिक्षण 2 दिन तक चलेगा, जिसमें रात्रि प्रवास आवश्यक होगा। इस दौरान उन्होंने शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए सभी से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य बोध जैसे पंच परिवर्तन को भी स्थाई रूप से जीवनचर्या में शामिल करने का आवाहन किया।

### चार सत्रों में आयोजित हुई बैठकः चौहान

रेसकोर्स में स्थित एक सार्वजनिक स्थल पर हुई कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के क्रम में आज प्रदेश प्रशिक्षण योजना बैठक संपन्न हुई। चार सत्रों में आयोजित इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अभियान के क्षेत्रीय प्रभारी अमरपाल ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान, कार्यकर्ता निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को साकार करने के लक्ष्य से किया जाता है।

# विधवा को प्रताड़ित करने वाले बैंक पर डीएम का 'हंटर'

**■ बैंक की मनमानी पर जिला प्रशासन का कड़ा प्रहार, वसूले 2 लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में मानवता को शर्मसार करने वाले एक बैंक की मनमानी पर जिला प्रशासन ने कड़ा प्रहार किया है।

आईआईएफएल बैंक द्वारा बीमा क्लेम के रूप में 14.61 लाख रुपये प्राप्त करने के बावजूद एक विधवा महिला से अवैध वसूली और प्रताड़ना का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर प्रशासन ने बैंक से ही 2 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर पीड़ित महिला को न्याय दिलाया।नवाबगढ़ निवासी ज्योति के पति दान सिंह ने 2021 में बैंक से होम लोन लिया था, जिसका बीमा भी कराया गया था। अगस्त 2023 में पति की मृत्यु के बाद बीमा कंपनी ने बैंक को 14.61 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बावजूद बैंक प्रबंधन ने न तो मूल दस्तावेज वापस किए और न ही खाता बंद किया। उल्टा, बैंक के रिकवरी एजेंट विधवा और उनकी दो मासूम बेटियों को धमकाकर वसूली के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।पीड़ित की गुहार पर डीएम सविन बंसल ने एसडीएम (न्याय) कुमकुम जोशी को जांच सौंपी। जांच में बैंक की दोषी पाया गया। डीएम के सख्त रुख के बाद प्रशासन की टीम ने बैंक से शेष देयता के रूप में 2 लाख रुपये की वसूली की।किसी भी बैंक या रिकवरी एजेंट द्वारा महिलाओं, बुजुर्गों या असहायों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### इग्नू ने जारी किए प्रवेश परीक्षा को ऑनलाइन आवेदन

**देहरादून।** इग्नू द्वारा बीएड, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) व पी.जी.डी.आर.पी.सी. में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी किए है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू में बी.एड., पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) एवं पी.जी.डी.आर.पी.सी. कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जिसके अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी तक बी.एड., 5 मार्च तक पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) व पीजीडीआरपीसी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने कहा कि इग्नू का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाना है।

# एआई भारत विस्तार योजना से लाभांवित होंगे किसानः जोशी

**■ एआई भारत विस्तार योजना का हुआ शुभारंभ, देहरादून से वर्चुअली जुड़े कृषि मंत्री जोशी**

**■ कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जताया आभार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ "एआई भारत विस्तार" योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी सर्किट हाउस, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "भारत विस्तार" योजना देशभर के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आज राजस्थान के जयपुर से प्रारंभ की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कृषि एवं औद्यानिकी फसलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिससे किसानों को सटीक और समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किसानों को एक ही स्थान पर फसलों की आवश्यकताओं, मंडीभाव, सिंचाई का समय, उन्नत बीज, फसल बीमा तथा अन्य कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी।



कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि "एआई भारत विस्तार" के माध्यम से किसान भाई अपने मोबाइल से 155261 नंबर डायल कर फसलों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को घर बैठे विशेषज्ञ परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध होगा।

कृषि मंत्री जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्लेटफॉर्म खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाएगा तथा किसानों को एक क्लिक पर समाधान उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर निरंजन डोभाल, निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, महेंद्र पाल, नरेंद्र यादव, रतन कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# 9 से 13 मार्च तक भराड़ीसैंण विधानसभा में होगा बजट सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र होगा। प्रदेश सरकार ने बजट सत्र की तिथि घोषित कर दी हैं। इस संबंध में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग ने विधानसभा सचिवालय को पत्र भेज दिया है। राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी।



**■ राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना की जाएगी जारी**

पिछले वर्ष भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में मरम्मत कार्य के चलते प्रदेश सरकार ने देहरादून विधानसभा भवन में बजट सत्र आहूत किया था। कैबिनेट ने बजट सत्र की तिथि व स्थान तय करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। सीएम ने पहले ही संकेत दिए थे बजट सत्र गैरसैंण में ही होगा। अब सरकार ने अधिकारिक रूप से तिथि घोषित कर दी है। 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र की तिथि तय की गई। राज्यपाल की अनुमति के बाद विधानसभा सचिवालय बजट सत्र की अधिसूचना जारी करेगी।

विधानसभा को अब तक पक्ष व विपक्ष के विधायकों से 500 से अधिक प्रश्न मिल चुके हैं। सत्र आहूत होने में अभी समय है, जिससे प्रश्नों की संख्या बढ़ सकती है। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधयेक, वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट पर सदन पटल पर रखे जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र कराने के लिए हमारी तैयारी पूरी है। विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी व्यवस्थाओं में लगे हैं। राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**देहरादून।** पशुचिकित्सा विज्ञान के बदलते परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए पशुपालन विभाग के पशुचिकित्साधिकारियों के कौशल विकास हेतु उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद द्वारा मंगलवार पशुपालन विभाग में कार्यरत 20 पशुचिकित्साधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. उदय शंकर, निदेशक, पशुपालन विभाग, देहरादून एवं डा. कैलाश उनियाल, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डा. प्रलयंकर नाथ, रजिस्ट्रार, पशुचिकित्सा परिषद ने अवगत कराया कि परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप "सतत कौशल विकास कार्यक्रम" के अंतर्गत पशुचिकित्सकों के व्यावसायिक कौशल संवर्द्धन हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।

# सहकारिता के जरिये ग्रामीण विकास पर अहम फोकसः डॉ. रावत

**■ गुजरात में आयोजित सहकारिता मंथन में नवाचारी योजनाओं की दी जानकारी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**गुजरात/देहरादून।** गुजरात में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सहकारिता मंत्रियों के मंथन बैठक में मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना, मिलेट्स मिशन योजना तथा दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना की जमकर सराहना की गई। साथ ही इन योजनाओं को मॉडल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनाये जाने पर भी विचार किया गया, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत किसानों की आय में वृद्धि, पशुधन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आजीविका सहित पोषण योजनाओं को प्रोत्साहन मिल सके।




सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि केन्द्रीय सहका. रिता मंत्री की अध्यक्षता में सहका. रिता मंत्रियों की उच्चस्तरीय मंथन बैठक में 'सहकार से समृद्धि' को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों की मंथन किया गया। इस महामंथन में राज्य सरकार द्वारा सरकारिता के क्षेत्र में संचालित विभिन्न नवाचारी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना तथा मिलेट्स मिशन योजना शामिल है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप राज्य में इन परिवर्तनकारी योजनाओं को लागू किया गया है। जिनका मकसद ग्रामीण विकास, आर्थिक सशक्तिकरण व सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, पशुधन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आजीविका, मिलेट उत्पादन व पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देना है। डॉ. रावत ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अंतर्गत सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों, काश्तकारों, युवाओं व महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जाता है।

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री (सहकारिता) कृष्ण पाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल सहित देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्री गण उपस्थित रहे ।

# दूर होगा जाम का झाम, 11 स्थानों पर जल्द मिलेगी पार्किंग सुविधा

**■ आवास विभाग के अधीन विभिन्न पार्किंग प्रोजेक्ट पर तेजी से हो रहा है काम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आवास विभाग प्रदेश के बड़े शहरों, तीर्थ स्थलों और पयर्टन केंद्रों पर जाम की समस्या दूर करने के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 11 स्थानों पर जल्द पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिसमें 1082 वाहन पार्क हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार ग्रहण करते ही, आवास विभाग को, विकास प्राधिकरणों के जरिए बड़े शहरों, तीथार्टन और पयर्टन केंद्रों में युद्धस्तर पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, इसके बाद विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए 195 स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव प्राप्त हुए, इसमें सरफेंस पार्किंग से लेकर मल्टी लेबल पार्किंग और टनल पार्किंग के तक के विकल्प शामिल थे। इसी आधार पर आवास विभाग 114 जगह पार्किंग की डीपीआर को मंजूरी प्रदान कर चुका है, जिसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। जिसमें से प्रथम चरण में 54 स्थानों पर कुल 3244 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, यानि इन स्थानों पर पार्किंग सेवा शुरु हो चुकी है।

अब दूसरे चरण में 11 अन्य स्थानों पर पार्किंग निर्माण करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है, आवास विभाग इसी वित्तीय वर्ष में यहां निर्माण पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इससे 1082 वाहनों के लिए पार्किंग सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने संसाधनों से 11 अन्य स्थानों पर भी पार्किंग निर्माण की जा रही है, जिससे 359 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



उत्तराखंड में प्रतिवर्ष करोड़ों लोग तीर्थाटन, पयर्टन के लिए पहुंच रहे हैं। सड़कों का नेटवर्क अच्छा होने से अब बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से आते हैं, इस कारण यातायात जाम की समस्या होने की स्वाभाविक है। इसी समस्या को देखते हुए, बीते चार सालों में विभिन्न स्थानों पर करीब छह वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है। जिसमें से कुछ पर काम पूरा भी हो चुका है। इससे यातायात जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

### सचिव आवास के विकास प्राधिकरणों को पार्किंग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने सभी विकास प्राधिकरणों को पार्किंग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन से पहले सभी चिन्हित स्थानों पर पार्किंग सुविधा बहाल की जाए, साथ ही पार्किंग स्थलों पर शौचालय, लाइट और साफ सफाई की भी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं।

### नगर निगम ने अतिक्रमण के विरुद्ध की कार्रवाई

**देहरादून।** वार्ड 84 बंजारावाला स्थित कालिका मंदिर के सामने नगर निगम की भूमि एवं सड़क पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर नगर आयुक्त महोदया ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमित भूमि एवं सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। इसी क्रम में वार्ड 18 इंदिरा कॉलोनी में माननीय पार्षद एवं स्थानीय निवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि इंदिरा कॉलोनी पुल के पास पूर्व में नगर निगम का एक शौचालय स्थित था, जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से मांस की दुकान संचालित की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त ने स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# डॉग स्क्वाड टीम ने जिला कलेक्ट्रेट में की सघन चेकिंग, परिसर को कराया खाली

**■ मेल आने के बाद सघन चेकिंग में जुटी पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बीते सोमवार को देहरादून से आई डॉग स्क्वायड ,बीडीएस की टीम ने जिला न्यायालय में सघन चेकिंग की लेकिन किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध स्थिति जिला न्यायालय नहीं मिली।

मंगलवार को सुरक्षा की लिहाज से डॉग स्क्वायड और बीडीएस टीम ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंची तो कलेक्ट्रेट में भी हड़कंप मच गया और सभी कर्मचारियों को अधिकारियों को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से कुछ समय के लिए बाहर किया गया और डॉग स्क्वायड टीम ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सघन चेकिंग की है।



इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट, न्यायालय, विकास भवन आदि भीड़भाड़ वाले स्थान होते हैं।

मेल आने के बाद चेकिंग की जा रही है कि कहीं कोई संदिग्ध स्थिति तो नहीं है लेकिन आम लोगों का कहना है कि यह सीमांत जनपद है इस प्रकार से लोगों के अंदर डर का माहौल बना हुआ है और लोग परेशान भी हो रहे हैं फिलहाल कलेक्ट्रेट में डॉग स्क्वायड और बीडीएस टीम के द्वारा सघन चेकिंग अभियान पूरा हो गया है।

# लंबगांव नगर महोत्सव के लक्की ड्रा में रिशित ने जीती स्कूटी

■ नगर पंचायत लंबगांव के लक्की ड्रा धमाके में क्षेत्रवासियों ने दिखाया भारी उत्साह
टीवी फ्रिज और वॉशिंग मशीन सहित 12 भाग्यशाली विजेताओं को मिले आकर्षक उपहार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नगर पंचायत लंबगांव की ओर से आयोजित भव्य नगर महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत लक्की ड्रा धमाका का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। इस विशेष कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और कुल 1050 पर्चियों के माध्यम से भाग्यशाली विजेताओं का चयन किया गया। लक्की ड्रा के दौरान पूरा माहौल रोमांच से भरा रहा और हर कोई अपनी किस्मत आजमाने को उत्सुक नजर आया। कार्यक्रम में पारदर्शिता के साथ विजेताओं के नामों की घोषणा की गई और उन्हें मौके पर ही पुरस्कृत किया गया।

इस लक्की ड्रा प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण प्रथम पुरस्कार रहा जिसे पट्टी उपली रमोली के सिरवाणी गांव निवासी रिशित पंवार ने अपने नाम किया। रिशित पंवार को नगर पंचायत की ओर से चमचमाती नई स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया गया। स्कूटी जीतने पर रिशित और उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके अलावा अन्य विजेताओं पर भी इनामों की बौछार हुई। द्वितीय पुरस्कार के रूप में अंशिका पवार को टीवी और तृतीय पुरस्कार के रूप में आदित्री राणा को वॉशिंग मशीन प्रदान की गई। इसी क्रम में चौथा पुरस्कार फ्रिज अनुराग बिष्ट को मिला तो पांचवां पुरस्कार मोबाइल गोविंद सिंह पंवार की झोली में गया। छठा पुरस्कार साइकिल संस्कार बिष्ट ने जीता और सातवां पुरस्कार मिक्सी किर्तिका रमोला को दिया गया।

पुरस्कार वितरण का सिलसिला यहीं नहीं थमा।

आठवें पुरस्कार के रूप में शिवानी को प्रेशर कुकर और नौवें पुरस्कार के रूप में अनुष्का पंवार को प्रेस भेंट की गई। दसवां पुरस्कार घड़ी सुनीता देवी को मिला जबकि ग्यारवां पुरस्कार टेबिल फैन अवनी पंवार और बारहवां पुरस्कार हॉटकेस आशीष बिजलवाण को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि नगर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने जिस उत्साह से भाग लिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और जनसहभागिता को बढ़ावा देते हैं जिससे समाज में भाईचारे की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली, सभासद गिरीश रावत, मनीषा बिष्ट, अर्जुन रावत, गुड्डी देवी, अमित रांगड, जगमोहन बगियाल, विनीत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**उत्तरकाशी :** मानव उत्थान सेवा समिति बड़कोट की शाखा त्यूणी के तत्वावधान में अवसर पर शाशन महादेव मंदिर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही मंदिर परिसर में रंगाई-पुताई,दर्शनार्थियों की लाइन व्यवस्था तथा भंडारे की तैयारियाँ सैंज गांव के ग्रामीणों द्वारा की गई। इसके अलावा मानव उत्थान सेवा समिति ने शाशन महादेव पैदल मार्ग पर जहां-जहां रास्ता क्षतिग्रस्त था, उसे सुगम बनाया गया। जंगल मार्ग में गिरे लकड़ी के लट्ठों एवं अवरोधों को हटाकर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मार्ग साफ किया गया। इस दौरान मानव उत्थान सेवा समिति शाखा बड़कोट एवं त्यूणी के कार्यकर्ता गुगमलराम, जोबन दास, प्यारेलाल एवं सुमित कुमार आदि ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कठंग से शाशन गुफा तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे मार्ग की साफ-सफाई की गई।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशानुसार मंगलवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत होटल, ढाबों एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के अवैध उपयोग की जांच की गई। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि नगर पालिका पौड़ी क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार बडोला के नेतृत्व में 16 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 06 घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पाए जाने पर 13,800 रुपये का चालान किया गया। नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी करण सिंह क्षेत्री के नेतृत्व में 20 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 04 मामलों में 9,200 रुपये का चालान किया गया। नगर निगम श्रीनगर क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में 16 प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान 06 घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर 11,500 रुपये का चालान किया गया तथा 01 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इसी क्रम में खोलाचौरी एवं घुड़दौड़ी क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक राक.'श पंत के नेतृत्व में 15 प्रतिष्ठानों, पाबौ क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक हेमेंद्र कुमार के नेतृत्व में 16 प्रतिष्ठानों तथा चाकीसैंण क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक विजय डोभाल के नेतृत्व में 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जड़ाऊखांद क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक अचल गुप्ता के नेतृत्व में 09 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें 01 घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर 2,300 रुपये का चालान किया गया। जनपद में चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 102 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 18 घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के प्रकरणों में कुल 39,100 रुपये का चालान किया गया तथा 01 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

# चमोली में संदिग्धों के विरुद्ध एक माह तक चलेगा ऑपरेशन क्रैक डाउन: एसपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** उत्तराखंड में संदिग्धों को लेकर अब पुलिस ने आपरेशन क्रैक डाउन शुरू कर दिया है।

चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि चमोली की शांतवादियों में छिपकर रहने वाले आपराधिक तत्वों के विरूद्ध एक माह तक आपरेशन क्रैक डाउन चलेगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थाना चोकी तथा सर्किल स्तर पर अभियान प्रारंभ हो गया है। इसके तहत जनपद में रहने वाले अज्ञात, अपरिचित तथा संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों की पृष्ठभूमि का सत्यापन कर आपराधिक गति. विधियों को जड़ से समाप्त किया जाएगा। बताया कि पुलिस का फोकस उन बाहरी अपरिचित व्यक्तियों पर रहेगा जो आश्रमों, होमस्टे, होटल, गेस्टहाउस, हॉस्टल, पेइंग गेस्टहाउस, किराए के मकानों,



कोचिंग सेंटरों में रह रहे हैं। इसके अलावा बाहरी श्रमिकों की पृष्ठभूमि का भी पता लगाया जाएगा।एसपी पंवार ने बताया कि इसके लिए थाना स्तर पर फील्ड टीमें गठित कर दी गई है। इसके तहत थाना क्षेत्रों में रह रहे लोगों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। एक डेटा विश्लेषण टीम की ओर से एकत्रित सूचनाओं का तकनीकी परीक्षण कर राष्ट्रीय पोर्टलों से मिलान किया जाएगा। अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर खास निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान व्यवसाय, नौकरी, श्रम कार्य या अल्पावधि प्रवास को आए व्यक्तियों के पहचान पत्र/आईडी के आधार पर सत्यापन करने की कवायद शुरू कर दी गई है। मकान मालिकों, होटल एवं होम स्टे संचाल. कों से अपने यहां निवासरत व्यक्तियों का विवरण संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आपराधिक पृष्ठभूमि छिपाकर रहने वाले तत्वों की पहचान कर किसी भी असामा. जिक गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाना पुलिस का मुख्य मकसद रहेगा।

## भटवाड़ी के ग्राम प्रधानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**उत्तरकाशी:** भटवाड़ी विकासखंड केप्रधान संगठन के अध्यक्ष रमेश नेगी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि भटवाड़ी एक दुर्गम और आपदा प्रभावित क्षेत्र है, जहां विकास कार्य करने में बड़ी मुश्किलें हो रही है।ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने अपनी मुख्य मांगें रखी हैं, जिनमें मानदेय में वृद्धि, पंचायत सचिवों की कमी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत मटेरियल भुगतान में विलंब, पहाड़ के लिए अलग बजट दरें, आपदा फंड की व्यवस्था और जिला योजना एवं आपदा न्यूनीकरण आंवटन में पंचायतों की भूमिका सुनिश्चित करना शामिल है।

# लोनिवि मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन का कार्य बहिष्कार जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार जारी है है। यह कार्य बहिष्कार पारस्परिक स्थानांतरण को प्रमुख अभियंता स्तर से कराने की मांग को लेकर किया जा रहा है। मंगलवार को नौवें दिन भी यह कार्य बहिष्कार जारी रहा।उन्होंने कहा कि जब तक पारस्परिक स्थानांतरण और पदोन्नति की मांगें पूरी नहीं होती वे काम पर नहीं लौटेंगे। वहीं कर्मियों के कार्य बहिष्कार से कार्यालयी और विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के आवाहन पर पारस्परिक स्थानान्तरण के संबंध में खण्डीय मिनिस्टीरियल



एसोसिएशन, प्रान्तीय खण्ड, लो०. नि०वि०, उत्तरकाशी द्वारा खण्डीय कार्यालय में मंगलवार को भी कार्य बहिष्कार कर रखा है। प्रान्तीय एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्य बहिष्कार में शामिल होकर खण्डीय मिनिस्टीरियल कार्यकारिणी का मनोबल बढ़ायाहै। कार्य बहिष्कार में शामिल कार्मिकों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की। कार्य बहिष्कार कार पर बैठे कर्मचारियों की तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं।इस में मुख्य रूप से पारस्परिक स्थानांतरण,पदोन्नति में हो रही विलंम , एवं तहसील स्तर पर स्थानांतरित आदि शामिल हैं

धरने पर बैठे दिनेश बिष्ट , पुष्पा देवी, चन्दन सिंह राणा, अरविंद रमोला, मुकेश, विनित कुकरेती, सूरज बरमौला, अनिल भट्ट, विद्या, एवं समर्थन देने आये चतुर्थ श्रेणी संगठन के अध्यक्ष सोबवन सिंह भंडारी, आदि मौजूद रहे है।

## बेस अस्पताल में 18 फरवरी को विशेष कार्डियो ओपीडी

**श्रीनगर।** बेस अस्पताल में आगामी 18 फरवरी (बुधवार) को विशेष कार्डियो ओपीडी आयोजित की जाएगी। इस ओपीडी में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया द्वारा हृदय रोग से संबंधित मरीजों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। हृदय संबंधी समस्याओं जैसे सीने में दर्द, उच्च रक्तचाप, धड़कन की अनियमितता, सांस फूलना आदिकृसे पीड़ित मरीज इस विशेष ओपीडी में पहुंचकर लाभ उठा सकते हैं। यह कार्डियो ओपीडी बेस अस्पताल की जनरल मेडिसिन ओपीडी के समीप आयोजित की जाएगी। ओपीडी प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगी। अस्पताल प्रशासन ने अधिक से अधिक मरीजों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत लड़ियासु में जल अर्पण दिवस की धूम

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत लड़ियासु में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना पूर्ण होने पर हर्षोल्लास के साथ 'जल अर्पण दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर तुनेटा में आयोजित कार्यक्रम में 31.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित लेख-लवाड़ी पेयजल योजना का विधिवत लोकार्पण किया गया। योजना के शुरू होने से अब गांव के प्रत्येक परिवार को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने योजना का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर नल, हर नल में जल अभियान का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शुद्ध जल पहुंचाना है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को बधाई देते हुए अन्य लंबित योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र रावत ने पेयजल योजना का स्वामित्व प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान एवं ग्राम पेयजल संचालन समिति को सौंपा।

# सीडीएस चौहान के दौरे को लेकर कुलपति ने ली बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में 21 फरवरी को प्रस्तावित रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान के कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. एमपीएस बिष्ट ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु गठित सभी समितियाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। बैठक में विभिन्न समितियों ने अपने-अपने दायित्वों तथा अब तक की प्रगति का विवरण दिया। बैठक में स्वागत एवं प्रोटोकॉल व्यवस्था, अतिथि सत्कार, मंच सज्जा, ध्वनि प्रणाली, बैनर एवं बैठक व्यवस्था, गार्ड ऑफ ऑनर



■ समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

की तैयारी, सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था, पुस्तकालय प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति ने सभी समितियों को समयबद्ध, समन्वित एवं सुव्यवस्थित ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र टम्टा भी शामिल हुए। उन्होंने परिसर तथा उससे जुड़े सभी सड़क मार्गों को दुरुस्त करने की बात कही। बैठक में कुलसचिव अनीस उज जमान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं, मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मोहन पंवार, प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. राजेंद्र सिंह नेगी, प्रो. राकेश डोढी, प्रो. वाईपी रैवानी, प्रो. सीमा धवन, प्रो. बीपी नैथानी, डॉ. बृजेश गांगिल, डॉ. वीके पुरोहित, डॉ. एसएस बिष्ट तथा संबंधित समितियों के अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीनगर पुलिस ने किए दो वारंटी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर ने फरार चल रहें दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहें थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार गैर-जमानती वारंट में दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार है। चोरी के आरोप में अमरजीत (25) पुत्र रामलाल, निवासी-अगस्त्यमुनि जिला रुद्रप्रयाग और चौक बाउंस के आरोप में सुरेशचन्द (35) पुत्र केशवानन्द, कलियासौड श्रीनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक संजय पुंडीर, संतराम चौहान और हरीश लाल शामिल थें।

# उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक किया मताधिकार का प्रयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए मंगलवार को प्रदेश के अन्य जनपदों की भांति टिहरी जिला न्यायालय परिसर में भी मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न हुई। लोकतंत्र के इस पर्व में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई और अपने प्रति. निधियों को चुनने के लिए उत्साहपूर्वक मतदान किया। जिला न्यायालय में मतदान की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से आरंभ हुई जो शाम 5 बजे तक निरंतर चलती रही। इस दौरान अपर जिला जज नसीम अहमद की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपादित कराया गया।बार काउंसिल के चुनाव को लेकर जिला न्यायालय सहित टिहरी के बाह्य न्यायालयों के अधिवक्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।



जिला न्यायालय में पंजीकृत कुल 181 अधिवक्ताओं में से 137 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया। मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात पूरी चुनाव सामग्री और मतपत्रों को नियमानुसार सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित कर उच्च न्यायालय नैनीताल भेज दिया गया है। जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के कुल 23 सदस्यों का निर्वाचन इस चुनाव के माध्यम से होना है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा, वीरेंद्र रावत, सोहन सिंह रावत, रणवीर नेगी, मंजीत सजवाण, जयप्रकाश पांडेय, गंगा भगत नेगी, संजय घिल्डियाल, वेणीमाधव शाह, राजीव सिंह, चंद्रभान राणा, जगतमणि पैन्यूली, गीताराम गैरोला सहित अन्य कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पेंशन से लेकर वेतन तक के मामलों का डीएम ने कराया तत्काल निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सतपुली ।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को सतपुली में आयोजित तहसील दिवस जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बना। तहसील दिवस में कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को एक पखवाड़े के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत निगरानी की जाएगी।

तहसील दिवस में विधवा आनंदी देवी का पेंशन प्रकरण सामने आया, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को आज ही केवाईसी पूर्ण कर पेंशन स्वीकृत करने को कहा। इसके अलावा दिव्यांग अशोक कुमार द्वारा स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता की मांग पर जिलाधिकारी ने जिला उद्योग महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आज ही आवेदन पत्र भरवाकर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। नगर पंचायत में सुपरवाइजर पद पर तैनात हर्षवर्धन गौड़ को अक्टूबर से जनवरी तक वेतन न मिलने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को 28 फरवरी तक भुगतान सुनिश्चित करने को कहा तथा अन्यथा आरसी के माध्यम से वसूली की चेतावनी दी। तहसील दिवस में राष्ट्रीय राजमार्ग 534 के चौड़ीकरण से क्षतिग्रस्त हैंडपंप, पाइपलाइन तथा अन्य परिसंपत्तियों से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से आईं, जिन पर जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए ऐसी परिसंपत्तियों को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। साथ ही सड़कों के मुआवजे के प्रकरणों पर लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का व्यक्तिगत संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने डांडा बग्याली मोटर मार्ग निर्माण से क्षतिग्रस्त जल संस्थान की पाइपला. इन की शिकायत पर संबंधित निर्माणदायी एजेंसी को 15 मार्च तक हर हाल में मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पौड़ी वन प्रभाग महा. तिम यादव, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी सतपुली रेखा आर्य सहित सभी जिला, ब्लॉक तथा तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रांट थॉर्नटन इंडिया कंपनी ने लिया छात्रों का साक्षात्कार

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के परिसर में प्रतिष्ठित कंपनी ग्रांट थॉर्नटन इंडिया ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव में एमबीए (फाइनेंस) के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्र-छात्राओं को कंपनी द्वारा देहरादून लोकेशन के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने छात्रों को संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। इससे विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं, बल्कि वे व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से अपने कौशल को भी सशक्त बनाते हैं।

# न्यायालय परिसर में धमकी भरा ई-मेल, मचा हड़कंप



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात स्रोत से धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया और पूरे न्यायालय परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। सूचना जनपद न्यायाधीश के माध्यम से पुलिस को प्राप्त हुई।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर स्वयं पुलिस, अभिसूचना इकाई एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। एहतियातन न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया।

### बम निरोधक दस्ते ने की गहन जांच

रुद्रप्रयाग। धमकी भरे ई-मेल को गंभीरता से लेते हुए बम निरोधक दस्ते द्वारा पूरे परिसर का तकनीकी निरीक्षण एवं सर्च ऑपरेशन चलाया गया। प्रत्येक कक्ष और संवेदनशील स्थानों की जांच की गई। समाचार लिखे जाने तक किसी भी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई थी।

### जिले भर के न्यायालयों में अलर्ट

रुद्रप्रयाग।एसपी के निर्देश पर जनपद के सभी न्यायालय परिसरों में पुलिस और इंटेलिजेंस की टीमें मुस्तैद कर दी गई हैं। प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग एवं फ्रिस्किंग की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके।

### पुलिस बल तैनात, मुख्य द्वार पर सख्ती

**रुद्रप्रयाग।** न्यायालय परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं पीएसी की तैनाती की गई। मुख्य द्वार पर आम आवाजाही पूरी तरह रोकी गई और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया गया। परिसर के भीतर और आसपास कड़ी निगरानी रखी गई।

### मुकदमा दर्ज, आरोपी की तलाश शुरू

रुद्रप्रयाग। एसपी नीहारिका तोमर ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच की जा रही है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कोतवाली रुद्रप्रयाग में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल खराब करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रुद्रप्रयाग पुलिस निर्धारित एसओपी के तहत पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। आमजन से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति एवं सहयोग बनाए।

# परिवार पहला स्कूल, मां के संस्कारों से बनता है राष्ट्र का चरित्र: धामी

## देहरादून से उठा संस्कृति और संस्कारों का शंखनाद, मातृशक्ति को सीएम का नमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर, देहरादून में विश्वमांगल्य सभा के तत्वाधान में आयोजित 'मातृ संस्कार समागम' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई मातृशक्ति का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने बचपन और निजी जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन किसी विशेष सुविधा या संसाधनों से नहीं, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की पूंजी से बना है। साधारण परिवार में पले-बढ़े होने के कारण उन्होंने प्रारंभ से ही मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का महत्व समझा। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संकल्प ही उनके व्यक्तित्व की असली ताकत बना।



■ ''मजबूत परिवार, मजबूत राष्ट्र'' मातृ संस्कार समागम में गूंजा सांस्कृतिक जागरण का संदेश, संस्कारों से सशक्त होगा उत्तराखंड, मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण जीवन शैली ने उन्हें जमीन से जुड़े रहने की सीख दी। सादगी, संयम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना ने उनके विचारों और निर्णयों को आकार दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जीवन में ऊँचा पद या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र और स्पष्ट उद्देश्य ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। यही मूल्य आज भी उनके हर निर्णय और कार्यशैली का आधार हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर से पधारी माताओं और बहनों के बीच उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस आयोजन के माध्यम से देश-प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत परिवारों की मातृशक्ति, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली नारीशक्ति तथा प्रदेश की बेटियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन समाज और राष्ट्र के विकास में मातृशक्ति की भूमिका को और अधिक सशक्त एवं व्यवहारिक रूप से समझने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता का स्थान सर्वोच्च माना गया है। मातृशक्ति को परिवार की धुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है और यदि परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होंगे। उन्होंने विश्वमांगल्य सभा द्वारा मातृशक्ति और पारिवारिक मूल्यों को रेखांकित करने के निरंतर प्रयासों की सराहना की तथा सभी कार्यकर्ताओं और जुड़ी हुई मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विश्वमांगल्य सभा के पदाधिकारी प्रशांत हरताल. कर,डॉ वृषाली जोशी, पूजा माधव, अनुराधा यादव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई महिलाए, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सप्त मातृ शक्ति सम्मान से गौरवान्वित हुईं विशिष्ट महिलाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सप्त मातृ शक्ति सम्मान के तहत 7 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ममता राणा, ममता रावत, शैला ब्रिजनाथ,साध्वी कमलेश भारती, राजरानी अग्रवाल, मन्जू टम्टा , वसुश्री कविता मलासी को सम्मानित किया।

### सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल: गीता धामी

**देहरादून।** 'मातृ संस्कार समागम' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती गीता धामी ने कहा कि सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल है और जब सेवा किसी परिवार की परंपरा बन जाती है तो उसका प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह पूरे समाज की चेतना को जागृत करता है। कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में 'सेवा परमो धर्मः' का भाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की वास्तविक साधना है। उन्होंने उपस्थित सेवा-समर्पित परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिवारों ने सेवा को अपने जीवन का संस्कार बनाया है।

# विकास कार्यों के नाम पर जनता का जीवन अस्त-व्यस्त: आर्य

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता



■ सभी परियोजनाओं के कार्यादेश, लागत व निर्धारित समय-सीमा सार्वजनिक की जाए

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि शहरों में पेयजल, सीवरेज और शहरी आधारभूत ढांचे के विकास के नाम पर उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी की और से चलाए जा रहे कार्यों ने आज आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी सच्चाई यह है कि अधिकांश शहरों में सड़कों को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप हर गली और मोहल्ला धूल, कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो चुका है।

उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत चिंताजनक और अस्वीकार्य है- न कार्यस्थलों पर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, न परियोजनाओं की समय-सीमा स्पष्ट है, न ठेकेदार कंपनियों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। आर्य ने कहा कि लाप. रवाही और भ्रष्टाचार की आशंका चरम पर है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह साफ प्रतीत होता है कि बिना ठोस योजना, प्रभावी मॉनिटरिंग व समयबद्ध क्रियान्वयन के इन परियोजनाओं को केवल कागजों में "विकास" दिखाने के लिए चलाया जा रहा है, जबकि जनता रोजाना दुर्घटनाओं, जाम और परेशानियों का सामना कर रही है। आर्य ने कहा कि नगर निकाय, कार्य कर रही ठेकेदार कंपनियाँ, स्थानीय प्रशासन एवं तकनीकी पर्यवेक्षण अधिकारी, शहरी विकास विभाग और संबंधित मंत्री-सभी को इस अव्यवस्था पर जवाब देना होगा। जनता के टैक्स के पैसे से संचालित इन परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारी स्पष्ट माँगें हैं कि, सभी परियोजनाओं के कार्यादेश, कुल लागत एवं निर्धारित समय-सीमा तत्काल सार्वजनिक की जाए। प्रत्येक कार्यस्थल पर परियोजना विवरण सहित सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए। स्वतंत्र तीसरी पार्टी से गुणवत्ता की जांच कराई जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। कार्य में देरी पर संबंधित ठेकेदारों पर पेनल्टी एवं ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई की जाए। लापरवाही एवं संभावित भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## भू-माफियाओं के 'जंगलराज' पर प्रशासन का प्रहार

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देशों पर भू-माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के तहत देहरादून जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसील विक. ासनगर के ग्राम अटक फार्म (सेलाकुई) में पिछले 15 वर्षों से अवैध कब्जे की मार झेल रहे एक विस्थापित पहाड़ी दंपति को प्रशासन ने उनकी आवंटित भूमि पर विधिवत कब्जा दिला दिया है। टिहरी बांध परियोजना के अंतर्गत विस्थापित सुमेरचंद और उनके परिवार को आवासीय भूखंड संख्या-29 आवंटित किया गया था। लेकिन इस भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य और खेती की जा रही थी। पीड़ित दंपति ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी, जिस पर तुरंत संज्ञान लिया गया।जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी ने राजस्व और पुनर्वास विभाग की एक संयुक्त टीम गठित की। टीम ने खसरा संख्या 301, 302 और 303 का नक्शों से मिलान किया। जांच में पुष्टि हुई कि स्वर्गीय कुंदन लाल जोशी के वारिसान द्वारा इस सरक. ारी पुनर्वास भूमि पर अवैध रूप से गन्ने की खेती और कब्जा किया जा रहा था।प्रशासन की निगरानी में टीम ने तत्काल अवैध कब्जा हटवाकर सुमेरचंद एवं अन्य लाभार्थियों को उनके भूखंड सौंप दिए। 15 साल के लंबे इंतजार के बाद अपना हक वापस पाकर भावुक हुई लाभार्थी महिला ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार जताया।

# ऋषिकेश-डोईवाला में अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऋषिकेश और डोईवाला क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना स्वीकृति के की जा रही किसी भी प्रकार की निर्माण गतिविधि या प्लॉटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

डोईवाला क्षेत्र में कुडकावाला, निकट क्रेशर प्वाइंट पर विकास उनियाल द्वारा लगभग 15 से 20 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने अनधिकृत रूप से विकसित किए जा रहे प्लॉटों को ध्वस्त किया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता स्वाती कोहली, दीपक नौटियाल एवं सुपरवाइजर की टीम मौजूद रही। वहीं ऋषिकेश क्षेत्र में बनखंडी, लेन नंबर 05, पुराना बस स्टैंड के निकट उर्मिला देवी द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की। बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिस पर टीम ने तत्काल प्रभाव से निर्माण स्थल को सील कर दिया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, सुपरवाइजर मौजूद रहे।



■ एमडीडीए की ओर से लगातार चलाया जा रहा अभियान

### अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लॉटिंग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लॉटिंग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियोजन मानकों के अनुरूप विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कई मामलों में देखा गया है कि बिना स्वीकृति के प्लॉटिंग कर आमजन को गुमराह किया जाता है, जिससे बाद में उन्हें आर्थिक और कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में प्राधिकरण न केवल निर्माण ध्वस्त करेगा, बल्कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी करेगा।

### भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति लेना अनिवार्य: बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने प्राधिकरण की टीमें नियमित रूप से निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति लेना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

# 'नशा मुक्त भारत' थीम पर मिनी मैराथन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्व. विद्यालय में आयोजित 'सुभारती महोत्सव 2026' के तहत मंगलवार को ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से परिपूर्ण वातावरण में विभिन्न साहित्यिक, खेल एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

मिनी मैराथन इस वर्ष विशेष संदेश के साथ संपन्न हुई। इसकी थीम रही, "नशा मुक्त भारत ख्र स्वस्थ आहार अपनाएँ, स्वस्थ जीवन जीएँ"।

मैराथन को कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ प्रति कुलपति एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. देश दीपक, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ. रवींद्र प्रताप सिंह तथा स्थानीय पुलिस अधिकारी पी. एस नेगी उपस्थित रहे। मिनी मैराथन में बालक वर्ग में बी. फार्मा प्रथम वर्ष के अमन धीमान, बीएमएलटी द्वितीय वर्ष के तौसीम तथा जीएनएम प्रथम वर्ष के सुजीत कुमार ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं बालिका वर्ग में बीओपीटी प्रथम वर्ष की नंदनी बिष्ट, एमपीटी द्वितीय वर्ष की अंजलि यादव और बी.एससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की लबसांग रोमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंशुमान, कियान और सिमरन की तार्किक प्रस्तुतियाँ सराही गईं। स्लोगन लेखन में बीएफए प्रथम वर्ष की स्नेहा मित्तल और बीएनवाईएस चतुर्थ वर्ष के पवांदीप की रचनात्मक सोच प्रशंसनीय रही, जबकि खुशी शर्मा ने भी प्रभावी अभिव्यक्ति से विशेष स्थान प्राप्त किया। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में किरण कुनियाल और आशिफ ने आत्मविश्वासपूर्ण वक्तृत्व से दर्शकों की सराहना अर्जित की, वहीं उत्तम कुमार एवं गुंजन की संयुक्त प्रस्तुति ने सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया। महोत्सव के अंतर्गत 18 फरवरी सायं 7 बजे आयोजित होने वाली 'सूफी म्यूजिकल नाइट' इस वर्ष का विशेष आकर्षण रहेगी। अंतरराष्ट्रीय कलाकार सनावर अली खान एवं मोहम्मद शारुख अपनी सूफियाना प्रस्तुतियों से मुख्य मंच पर संगीतमय वातावरण सृजित करेंगे।



■ सुभारती में आज सजेगी 'सूफी म्यूजिकल नाइट'

## पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी के आसार

**देहरादून।** उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में 18 और 19 फरवरी को हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है लेकिन इसका तापमान पर खास असर देखने को नहीं मिलेगा। मैदानी इलाकों में चटक धूप खिलने से पारा सामान्य से ऊपर ही रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 और 19 फरवरी को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।

**एक नजर .......**

## भाजपा ने एक बार फिर किया उत्तराखंड की देवतुल्य जनता का अपमान: गरिमा

**देहरादून।** उत्तराखंड भाजपा की और से कांग्रेस के लोकभवन कूच में शामिल हजारों लोगों को भाड़े की भीड़ कहना केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि उत्तराखंड की देवतुल्य जनता का अपमान है, इस पर उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। दसौनी ने कहा कि बीते रोज लोकभवन कूच में शामिल लोग कोई किराए के लोग नहीं थे वे इस प्रदेश के मतदाता थे, जागरूक नागरिक थे, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली जनता थे।गरिमा ने कहा भाजपा ये न भूले कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है।जनता को "भाड़े का" कह देना भाजपा की मानसिकता और अहंकार को दर्शाता है।जब भी जनता सवाल पूछती है ,भाजपा उसे बदनाम करने का प्रयास करती है। सच्चाई यह है कि भाजपा को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने राजनीतिक आचरण पर विचार करना चाहिए।दूसरे दलों में तोड़फोड़ कर भाड़े पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल कराना उनकी पुरानी रणनीति रही है लेकिन कांग्रेस का कार्यकर्ता विचार से जुड़ा होता है, किसी सौदे से नहीं।जनता का अपमान करने वाली सोच को लोकतंत्र में जवाब भी जनता ही देती है और समय आने पर यह देवभूमि की जनता अपना निर्णय स्पष्ट रूप से सुनाएगी।

## गढ़वाल विवि में भारतीय ज्ञान प्रणाली के दार्शनिक पर सत्र आयोजित

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में एमएमटीटीसी के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा का एकीकरण के दूसरे दिन भारतीय ज्ञान प्रणाली के दार्शनिक, शैक्षिक एवं व्यावहारिक आयामों पर केंद्रित महत्वपूर्ण सत्र सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य अकादमिक पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के सिद्धांतों को समाविष्ट करते हुए शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को समग्र, जीवना. पयोगी और मूल्याधारित बनाना है। दो अलग अलग सत्रों में पतंजलि विश्वविद्यालय के डॉ. प्रदीप कुमार साहू ने भारतीय दृष्टि और जीवन-दर्शन विषय पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा का मूल उद्देश्य केवल सूचना या कौशल प्रदान करना नहीं, बल्कि मनुष्य के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने आधुनि. कता के साथ भारतीय ज्ञान के संवर्द्धन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि भारतीय परम्परा में ज्ञान का संबंध जीवन-प्रयोग से है। उन्होंने पंचकोश सिद्धांत को मानव अस्तित्व की पाँच परतों के रूप में व्याख्यायित किया और कहा कि शिक्षा का लक्ष्य इन सभी स्तरों के संतु. लित विकास में निहित है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारतीय दृष्टि में पर्यावरण, लोककल्याण और आध्यात्मिक उन्नयन परस्पर जुड़े हुए आयाम हैं। डॉ. साहू ने अपने व्याख्यान में शिक्षण प्रक्रिया में पूर्वाग्रहों और सीमित दृष्टिकोणों का परित्याग कर समावेशी, संवादात्मक एवं अनुभवपरक अधिगम को अपनाना आवश्यक है।

# डिजिटल इंडिया मुहिम के तहत लंबी लाइनों से मिली मुक्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की डिजिटल इंडिया मुहिम राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रंग ला रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई श्आभा आईडीश व्यवस्था से अस्पताल की ओपीडी में भारी भीड़ पर नियंत्रण पाने में बड़ी सफलता मिली है। अब मरीजों को घंटों लाइन में लगकर पर्चा बनवाने की जरूरत नहीं पड़ रही।जनवरी से शुरू हुई इस व्यवस्था के बाद अब ओपीडी के 60 से 70 प्रतिशत पंजीकरण डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं।

■ 70 प्रतिशत मरीजों ने अपनाया डिजिटल रास्ता

मरीज घर बैठे आभा ऐप से अपना ऑनलाइन पर्चा बना सकते हैं, जिससे अस्पताल पहुँचते ही उन्हें सीधे संबंधित ओपीडी में प्रवेश मिल रहा है। आभा आईडी के जरिए मरीजों की जांच रिपोर्ट और दवाइयों का पूरा इतिहास डिजिटल रूप में सुरक्षित रहता है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ओपीडी में मरीजों की भारी संख्या को देखते हुए यह सिस्टम बेहद प्रभावी साबित हुआ है।

# ऊर्जा संरक्षण को जीवनशैली बनाने का आह्वान

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** ऊर्जा बचत को राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए ओएनजीसी देहरादून में आयोजित पंद्रह दिवसीय 'सक्षम' संरक्षण अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर "तेल व गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कौलागढ़ स्थित ओएनजीसी सभागार में 1 से 15 फरवरी तक चले इस अभियान के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता, ईंधन संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। घरेलू उपयोग, परिवहन, उद्योग और कृषि क्षेत्र में ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग को

■ ओएनजीसी देहरादून में 'सक्षम' अभियान का समापन

बढ़ावा देने के लिए विशेष गति. विधियां संचालित की गईं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि, प्रमुख वन संरक्षक (सेवा. निवृत्त) जयराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने वनों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से जलवायु असंत. ुलन गहराता है। उन्होंने नागरिकों से सतत और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की अपील की। बेसिन मैनेजर डॉ. आर. एस. टंडन ने ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम ला सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे ऊर्जा बचत को अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाएं और इसे सामाजिक अभियान का स्वरूप दें। मुख्य महाप्रबंधक एवं मानव संसाधन सेवा प्रमुख नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि भारत की तेल आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है, ऐसे में ऊर्जा की बचत राष्ट्रीय आर्थिक मजबूती से भी जुड़ी है। उन्होंने ओएनजीसी द्वारा सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया तथा वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं के संदर्भ में ऊर्जा संत. ुलन की आवश्यकता पर बल दिया। जीएम (टेक्निकल) एहतशामुल हक ने अभियान की प्रमुख गति. विधियों की जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क पीयूसी जांच शिविर, एलपीजी सुरक्षा कार्यशालाएं और तकनीकी संगोष्ठियां आयोजित की गईं। "सेव ऑयल एंड गैस, गो ग्रीन" विषय पर विशेषज्ञों ने ऊर्जा दक्षता के आधुनिक उपायों पर विचार साझा किए। इस आयोजन को सफल बनाने में ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक के. एन. रमेश, मुख्य महाप्रबंधक संजीव कक्कड़, मुख्य महाप्रबंधक नीरज शर्मा, महाप्र. बंधक एहतशामुल हक, जीएम पवन कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

किशाऊ कॉरपोरेशन लिमिटेड''
(उत्तराखण्ड सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
मुख्य कार्यालय : लखवाड भवन, टोन्स कालोनी डाकपत्थर, देहरादून- 248125
दूरभाष 01360-222799 फैक्स नं0: 01360.222799 | CIN No U7999UR2017SG007521
UJVNL

पत्रांक-137 **निविदा सूचना** दिनांक- 17/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), किशाऊ परियोजना, डाकपत्थर इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

**निविदा संख्या-08/EE(CIVIL)/KISHAU/2025-26**

**कार्य का नाम:** कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के प्रयोगार्थ एक वर्ष की अवधि हेतु एक डीजल चालित वातानुकूलित रहित वाहन (6+1 सीटर) चालक सहित किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रू0 4,71,250.00 (जी0एस0टी0 रहित)

**वैब साईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि** :18.02.2026 को 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** :12.03.2026 को 13:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.kishau.co.in"** से डाउनलोड किये जा सकते है।

"बिजली का बरबादी पूर्ण उपयोग न करें" अधिशासी अभियन्ता (जानपद)

# सीएम ने किया सड़क सुरक्षा सप्ताह दौड़ का फ्लैग ऑफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कैंट रोड, देहरादून से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित 5 किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया।

विभिन्न आयु वर्गों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना एवं पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक खजान दास, सविता कपूर एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## यातायात व सुरक्षा पर लिए गए निर्णयों पर बनी सहमति

**देहरादून।** डोईवाला पुलिस और व्यापार मंडल के बीच यातायात और सुरक्षा पर लिए गए निर्णयो पर बनी सहमति। मंगलवार को कोतवाली डोईवाला परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और यातायात सुचारू करने हेतु निम्नलिखित बिन्दुओ पर वार्ता की गयी। वार्ता में अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए यह बात रखी गई कि व्यापारी फुटपाथ से सामान हटाकर उसे दुकान के अंदर या अधिकतम 1 फुट तक ही सीमित रखेंगे।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
फोनः 0135 - 2763508 2763808, फैक्स न0- 0135-2763507
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांकः 132 दि0: 17.02.2026

शुद्धि पत्र सूचना संख्या-1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण), यमुना भवन, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना सं0 14/EE(CM)/DDN/ 2025-26 में संशोधन निम्नलिखित विवरण के अनुसार है -

1. निविदा सूचना सन्दर्भः-

निविदा संख्याः-14/EE(CM)/DDN/ 2025-26:- न्यू कॉरपोरेट ऑफिस बिल्डिंग उज्ज्वल, महारानी बाग जी0एम0एस0 रोड में सी0सी0टी0वी0 सर्वेलान्स सिस्टम के आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग से सम्बन्धित कार्य।

1. निविदा दस्तावेज के पृष्ठ संख्या 70 में वित्तीय बोली के मद संख्या 01 में संशोधन
"SITC of 5 MP IP Bullet Camera, 8 Lens, Make XPIA". के स्थान पर "SITC of 5 MP IP Bullet Camera, 8 Lens, Make XPIA/ CP Plus or equivalent". को पढ़ें।

2. निविदा दस्तावेज के पृष्ठ संख्या 70 में वित्तीय बोली के मद संख्या 02 में संशोधन
"SITC of 8 MP IP Bullet Camera, 6 Lens, Make XPIA". के स्थान पर "SITC of 8 MP IP Bullet Camera, 6 Lens, Make XPIA/ CP Plus or equivalent". को पढ़ें।

बोली की अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट **"www.ujvnl.uk.gov.in"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763508, 2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866
UJVNL

पत्र सं0: 135 दिनांकः 17/02/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), चीला, जल विद्युत गृह, चीला वाया हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

1. टी0 18/अ0अ0अनु0/2025-26: चीला प्रोजेक्ट कालोनी हेतु 01 नग डीजल चलित एम्बुलेंस वाहन चालक सहित 12 माह के लिए किराये पर लेने हेतु।
2. कार्य/आपूर्ति की अनुमानित लागत - रू0 5,21,544.00 (कर अतिरिक्त)
3. निविदा की उपलब्धता की तिथि - 14-02-2026 (17:00 बजे)
4. निविदा जमा की तिथि - 28-02-2026 को 11:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेब साईट www.ujvnl.com पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0), चीला,जल विद्युत गृह

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# दीक्षांत केवल डिग्री नहीं, आत्मबोध से राष्ट्रबोध की यात्रा : राज्यपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह आत्मबोध से राष्ट्रबोध की ओर बढ़ने की जागरूक और जिम्मेदार यात्रा का आरंभ है। वे कोर विश्वविद्यालय, रुड़की के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री और मेडल प्रदान किए तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजक बनने की सोच विकसित करने का आह्वान किया। स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और उद्यमिता को अपनाकर युवा न केवल अपने लिए बल्कि समाज और देश के लिए भी नए अवसर पैदा कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि दीक्षांत के बाद विद्यार्थियों की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। आज से वे केवल विद्यार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माता हैं। "राष्ट्र सर्वोपरि" के मंत्र को जीवन का आधार बनाते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मार्ग केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जागरूक, सक्षम और प्रतिबद्ध युवाओं के माध्यम से प्रशस्त होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने सपनों, लक्ष्यों और कार्यों में राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दें और अपने कर्म, चरित्र एवं संकल्प से भारत का गौरव बढ़ाएं। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक और नवाचार का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में युवाओं को परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारतीय सभ्यता, संस्कृति, वेद-पुराणों और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीकी दक्षता के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी उतना ही आवश्यक है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए शोध, नवाचार, उद्योगों के साथ एमओयू तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यदि शिक्षा को उद्योग और समाज से जोड़ता है, तो विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव के साथ बेहतर भविष्य की दिशा मिलती है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में सेठ रोशन लाल जैन ट्रॉफी तीन मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। सुश्री आयुषी पंवार (बी.कॉम ऑनर्स, 2022-25) को विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च 9.9 सीजीपीए प्राप्त करने के लिए, सुश्री डोना चौहान (डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग, 2023-25) को 9.16 सीजीपीए प्राप्त करने के लिए तथा श्री हनी चौधरी (एमसीए, 2023-25) को 9.5 सीजीपीए प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और उपलब्धि की चमक साफ नजर आई। जनपद आगमन पर मयूर दीक्षित एवं नवनीत सिंह भुल्लर ने तुलसी का पौधा भेंट कर महामहिम राज्यपाल का स्वागत किया। यह स्वागत कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी दर्शाता नजर आया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार डॉ. अजय शर्मा ने की। इस अवसर पर ग्लोबल टेलीकॉम एंड एजुकेशन एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. एन. के. गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट जे.सी. जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पी. आर. चौहान, एसएसपी देहात शेखर सुयाल, उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. श्रीयांस जैन, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. चिन्नेयान रामासुब्रमण्यम, फैकल्टी मेंबर्स तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी व जेवरात साफ

**कनखल क्षेत्र में नहीं थमने का नाम ले रही चोरी की वारदातें**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं। कनखल कोतवाली क्षेत्र की पॉश कॉलोनी द्वारिका विहार फेस-1 में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों की नकदी और चांदी के जेवरात समेट ले गए। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब मकान स्वामी दूसरे दिन घर लौटे और अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में द्वारिका विहार फेस-1 निवासी नवदीप मलिक ने बताया कि 14 फरवरी की सुबह बुलंदशहर गए थे। 15 फरवरी की दोपहर लौटने पर मुख्य गेट अंदर से बंद मिला। ऊपर रह रहे किरायेदार को फोन कर गेट खुलवाया गया। अंदर जाने पर उनके हिस्से का दरवाजा भी भीतर से बंद मिला। रसोई की खिड़की टूटी देख चोरी की आशंका हुई। किरायेदार को खिड़की के रास्ते अंदर भेजकर दरवाजा खुलवाया गया तो कमरों में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी के लॉकर टूटे मिले। जांच में पता चला कि घर से 3,32,000 रुपये नकद, सात चांदी के सिक्के, दो जोड़ी पायल और एक घड़ी गायब है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली बुग्गावाला पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। 11 फरवरी को कोतवाली क्षेत्र निवासी परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर दिलनवाज पुत्र इरफान निवासी ग्राम लालवाला को नामजद करते हुए 15 वर्षीय नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी और पीड़िता की बरामदगी के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 16 फरवरी को आरोपी दिलनवाज को मीना कम्पनी चंडोदर जनपद अहमदाबाद



गुजरात से गिरफ्तार करने के साथ नाबालिगा को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम में एसआई देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विक्रम व दिलीप सिंह शामिल रहे।

# कुंभ मेला 2027 : तैयारियां तेज, मेलाधिकारी ने बैरागी कैंप व दक्षद्वीप का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी वर्ष आयोजित होने जा रहे कुंभ मेला 2027 के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला क्षेत्र में प्रस्तावित आधारभूत संरचनाओं और सुविधाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय कर दिया गया है। मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही हैं, ताकि किसी भी स्तर पर शिथिलता न रहे।

मंगलवार प्रातः उन्होंने बैरागी कैंप और दक्षद्वीप क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित सड़कों, घाटों और पुलों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने



स्पष्ट कहा कि कुंभ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है, जहां देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैरागी कैंप क्षेत्र में अखाड़ों और धार्मिक संस्थाओं के लिए चिन्हित शिविर स्थलों का अवलोकन करते हुए उन्होंने भूमि के समतलीकरण कार्य को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और यातायात प्रबंधन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

दक्षद्वीप क्षेत्र में घाटों की सीढ़ियों, रेलिंग और प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। घाटों की नियमित सफाई व मरम्मत की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा गया। सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रमुख मार्गों के सुदृढ़ीकरण तथा पार्किंग से राष्ट्रीय राजमार्ग तक संपर्क मार्ग विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। कनखल क्षेत्र से वाहनों के निकास के लिए वैकल्पिक मार्गों और पुलों की संभावनाओं पर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा मौजूदा पुलों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बिजली, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण और सार्वजनिक शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

कुंभ क्षेत्र की आरक्षित भूमि को अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए। मेलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेला 2027 को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह, सीओ ट्रैफिक/मेला दीपेन्द्र सिंह सहित कुंभ मेले से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और समयबद्धता के साथ करें, ताकि कुंभ मेला 2027 देश-दुनिया के लिए एक अनुकरणीय आयोजन बन सके।

# उदयवीर सिंह राजा बने रालोद के उत्तराखंड प्रदेश एससी/एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष

**संगठन विस्तार को लेकर अहम बैठक, चुनावी तैयारी का शंखनाद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजनीतिक हलचलों के बीच राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने उत्तराखंड में संगठन को धार देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उदयवीर सिंह राजा को प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सामाजिक समीकरण साधने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। मंगलवार को स्थानीय होटल में आयोजित संगठनात्मक बैठक में विस्तार और मजबूती को लेकर व्यापक मंथन हुआ। बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी (एससी/एसटी) प्रभुद्ध कुमार



ने स्पष्ट कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और गांव-गांव तक संगठन की जड़ें मजबूत की जाएंगी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर एससी/एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओ.पी. सागर का कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया। ओ.पी. सागर ने कहा कि सामाजिक न्याय, किसान सम्मान और सर्वसमाज की भागीदारी ही पार्टी की असली शक्ति है। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हर कार्यकर्ता को स्पष्ट जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी, तब तक राजनीतिक परिवर्तन संभव नहीं। प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड समेत पूरे देश में संगठनात्मक मजबूती ही सर्वोच्च प्राथमिकता है और रालोद स्थानीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। बैठक में प्रभुद्ध कुमार, ओ.पी. सागर, गौतम कुमार, राजेन्द्र पंत, अशोक चौधरी,, हरमीत, उदयवीर चहल, प्रमोद डोभाल, पप्पू मेजर सिंह, श्रीमती आरती जायसवाल, आशीष उनियाल, सिद्धान्त चौधरी, सुरेशपाल, राजीव कुमार, विपिन चौधरी, ओमवेश त्यागी, बबलू प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष उदयवीर सिंह राजा ने संगठन को मजबूती देने और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

# साइबर ठगों ने तीन लोगों से ठगे लाखों

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑनलाइन ठगी के मामलों में ज्वालापुर क्षेत्र से एक के बाद एक शिकायतें सामने आई हैं। अलग-अलग तीन लोगों से साइबर ठगों ने कुल 5,38,459 रुपये की रकम हड़प ली गई। ज्वालापुर पुलिस ने तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में ओम प्रकाश महेश्वरी से 1,70,394 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई। दूसरे मामले में शिवम धीमान के खाते से 1,71,099 रुपये निकाल लिए गए। तीसरे मामले में खन्ना नगर निवासी पलक अरोड़ा से 1,96,966 रुपये ठग लिए गए। पुलिस के अनुसार, साइबर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर मुकदमे कायम किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि बैंक खातों की डिटेल खंगाली जा रही है। संबंधित खातों को ट्रेस किया जा रहा है

# संतों व सनातन का अपमान सहन नहीं किया जाएगा : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सप्तऋषि क्षेत्र स्थित हरिसेवा आश्रम में आयोजित संतों की बैठक में सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार और संरक्षण संवर्धन को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में संतों ने कहा कि संतों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के श्रीमहंत दुर्गादास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। सनातन धर्म ने हमेशा दुनिया का मार्गदर्शन करते हुए शांति और सद्भाव की राह दिखायी है। लेकिन आज जिस प्रकार सनातन पर कुठाराघात किया जा रहा है। पूरा संत समाज एकजुट होकर इसका विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि किसी ना किसी बहाने संतों को अपमानित किया जा रहा है। संतों और सनातन का अपमान कतई सहन नहीं किया जाएगा। श्रीमहंत दुर्गादास ने कहा कि धर्म संस्कृति की रक्षा करना अखाड़ों का दायित्व है।



सभी अखाड़े देश के समस्त संत समाज को एकजुट कर सनातन पर किए जा रहे हमलों का विरोध करेंगे। हरिसेवा आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट कर सनातन का परचम फहराने में संत समाज और अखाड़ों का अहम योगदान है। लेकिन जिस प्रकार संतों और सनातन को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। वह चिंताजनक है। बैठक में म.मं. स्वामी अनंतानंद, स्वामी चिदविलासानंद, भक्त दुर्गादास, स्वामी हरिवल्लभ दास शास्त्री, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत रामनौमी दास, स्वामी हरिचेतनानंद, महंत प्रेमदास, महंत हनुमान दास, महंत मुरली दास, महंत कैवल्यानंद, महंत लक्ष्मण दास, महंत सेवक दास, महंत जयेंद्र मुनि सहित कई संत शामिल रहे।

# संतों ने शुरू की हरिद्वार से देहरादून तक पदयात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दहियाकी शिव मंदिर के महंत यति रामस्वरुपानन्द गिरी के नेतृत्व में मंगलवार को सर्वानंद घाट से देहरादून स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय तक पदयात्रा शुरू की गयी। पदयात्रा यति परमात्मानन्द गिरी के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में आयोजित की गई है। महंत यति रामस्वरुपानन्द गिरी ने कहा कि



संन्यासियों के सम्मान की रक्षा के लिए पदयात्रा निकाली जा रही है। देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संतों की पीड़ा से अवगत कराया जाएगा। यति परमात्मानन्द गिरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोटद्वार पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने बुलाकर उनके साथ दुर्व्यव्हार किया। इस प्रकरण से उनकी धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा आहत हुई है। श्रीमहंत यति रणसिंहानन्द गिरी तथा योगी सरोजनाथ ने भी घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। पदयात्रा में सतीश शर्मा, योगेंद्र सालार जिला उपाध्यक्ष, चौधरी अनुज बेनिवाल, प्रदीप धीमान, चौधरी ईसम सिंह सहित अनेक साधु-संत एवं समर्थक शामिल रहे।

# कमला नेहरू पुरस्कार मिलने पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में खुशी की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ने सत्र 2024-25 का कमला नेहरू पुरूस्कार प्राप्त किया है। कमला नेहरू पुरस्कार उत्तराखंड सरकार द्वारा ब्लॉक के विद्यालयों और बोर्ड परीक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं की माताओं को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष बहादराबाद ब्लॉक में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने 103 छात्र संख्या के साथ यह पुरूस्कार प्राप्त किया है। पुरूस्कार मिलने पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर मिठाई बांटकर एक-दूसरे के साथ खुशी मनाई। प्रधानाचार्य लोकेंद्रदत्त अंथवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत, अनुशासन और भारतीय संस्कारों पर आधारित शिक्षा का सुंदर परिणाम है।

# कमलकांत बुद्धकर के नाम से जाना जाएगा प्रेस क्लब सभागार

## वरिष्ठ पत्रकारों ने प्रेस क्लब अध्यक्षों के चित्रों का किया लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब एवं भारतीय संवाद परिषद के तत्वाधान में प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा 1986 से 2025 तक के अध्यक्षों के सभागार में लगाए गए चित्रों का लोकार्पण वरिष्ठ पत्रकार डा.शिवशंकर जायसवाल, कौशल सिखौला एवं गोपाल रावत ने संयुक्त रूप से किया। प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले स्वर्गीय वरिष्ठ पत्रकार डा. कमलकांत बुधकर की स्मृति में प्रेस क्लब सभागार का नामकरण बुद्धकर भवन के रूप में किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता में स्वर्गीय कमलकांत बुधकर के



अनुकरणीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके आदर्शों पर चलकर पत्रकारिता मिशन को अच्छे से निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब में होली मिलन कार्यक्रम भी उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार डा. शिवशंकर जायसवाल एवं आदेश त्यागी ने प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्षों के चित्र भवन में लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रेस क्लब के माध्यम से पत्रकारों के हितों में निर्णायक निर्णय लिए जाते हैं। स्वर्गीय कमलकांत बुधकर की स्मृति में प्रेस क्लब सभागार का नाम बुद्धकर भवन किया जाना सराहनीय है। इस दौरान कोषाध्यक्ष काशीराम सैनी, कौशल सिखौला, गोपाल रावत, रमेश खन्ना, रजनीकांत शुक्ला, सुभाष कपिल, बालकृष्ण शास्त्री, बृजेंद्र हर्ष, अविक्षित रमन, प्रदीप गर्ग, आदेश त्यागी, दीपक नौटियाल, संजय आर्य, अमित शर्मा, अमित गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर, 2 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने गांजे समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के दृष्टिगत एसएसपी ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को एसआई चरण सिंह सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल ब्रजमोहन व पवन के साथ चमगादड़ टापू के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद कुमार पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम अमखेरवा थाना बेहटागोकुल जिला हरदोई उत्तर प्रदेश हाल निवासी झुग्गी झोपडी चण्डी घाट थाना श्यामपुर बताया। गांजा बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# ग्राम धनपुरा में 15वें वित्त से नाले का निर्माण शुरू, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी, क्षेत्र के गांव धनपुरा ग्राम पंचायत में शिवमंदिर से गांव की ओर जा रहा नाले का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान खुशनसीब के प्रस्ताव पर केंद्रीय 15वे वित्त से बनाया जा रहा है। नाला बनने से ग्रामीणों एव राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार गांव धनपुरा शिवमंदिर से गांव की ओर जाने वाले सड़क पर कच्चे नाले का पानी पिछले दस सालों से बह रहा था। जिससे ग्रामीण एव राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इस नाले को बनाने के लिए गंभीता नही दिखाई। नसीम अहमद, स्यामलाल, सुरेंदर, सद्दाम हुसैन, साजिद अली, नवाब अंसारी



मेडिकल, वसीम अहमद आदि ने कहा नाले से दुकानदारों को भी लाभ होगा सड़क पर गंदा पानी होने से ग्रामीणों ने इस ओर आना बंद कर दिया था। हमारे कारोबार असर पड़ रहा था।ग्राम प्रधान खुशनसीब ने बताया नाला आरसीसी की दीवार से बनाया जा रहा है, ताकि लम्बे समय तक शुरक्षित पानी की निकासी होती रहे। और राहगीरों एव ग्रमीणों को गंदे नाले के पानी से छुटकारा मिल रहा है।

ग्राम विकाश अधिकारी अजय चौहान व प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद ने बताया ग्रामीणों एव आसपास लोगो की शिकायत को देखते हुए केंद्रीय 15वे वित्त से ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर पास कराके इस नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को गंदे पानी से राहत मिल सके।

# जेईई मेन 2026 में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सोमवार को घोषित किए गए जेईई मेन परीक्षा के नतीजों में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड हरिद्वार के तीन छात्रों ने 99 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें आयुष बर्दिया ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद इशिता गुप्ता ने 99.15, भव्या अग्रवाल ने 99.02 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। जबकि अद्रिजा साहा ने 99 पर्सेंटाइल हासिल किया।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक धनंजय कुमार मिश्रा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को सफलता की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बताया कि हरिद्वार के छात्रों के शानदार परिणाम उनकी पढ़ाई के प्रति समर्पण



और आकाश के मजबूत शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण हैं। उन्होंने बताया कि जेईई मेन 2026 के पहले सत्र में आकाश के 13 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमें तीन छात्रों ने 99 से अधिक और एक छात्रा ने 99 पर्सेंटाइल हासिल किया। इसके अलावा इंस्टीटयूट के 9 छात्रों ने 98 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। जिनमें कार्तिक गुप्ता 98.94, एकांश पटेल 98.48, अर्नव बंसल 98.46, आदित्य नौटियाल 98.45, अनुभव नेगी 98.44, इंद्रनील गांगुली 98.35, आद्या अग्रवाल 98.31, देवांश नेगी 98.19 और शिवांशु यादव 98.05 पर्सेंटाइल शामिल हैं। हरिद्वार ब्रांच मैनेजर भगवंत सिंह, एकेडमिक हेड इंजीनियरिंग हेमंत कुमार, फैकल्टी श्रीकांत शर्मा व विशाल ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# अधिकारी दफ्तर से नदारद, ठीकरा फोड़ रहे स्टाफ पर

**उत्तरकाशी में अधिशासी अभियंता की मनमानी का खुलासा: उड़ान योजना बनी संजीवनी**





**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी जिले में अधिकारियों की मनमानी का एक और मामला सामने आया है। एक अधिशासी अधिकारी का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वे दफ्तर से नदारद रहने और झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है।

सोमवार को जब संवाददाता ने अधिशासी अधिकारी के दफ्तर का दौरा किया, तो अन्य दिनों की भांति उनकी कुर्सी खाली मिली। जब फोन लगाया गया, तो उन्होंने फोन नहीं रिसीव नहीं किया। कुछ समय बाद वापस कॉल आया जब पूछा कि आप कहां हैं

तो बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक में हूं। लेकिन जब संवाददाता ने जिलाधिकारी कार्यालय में उनकी उपस्थिति की जांच की, तो पता चला कि उत्तरकशी नहीं थी बल्कि देहरादून में थीं। इसके बाद अधिशासी अभियंता ने सरकार की उड़ान योजना का फायदा उठाकर महज 45 मिनट में देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से उत्तरकाशी के जो जो. शियाडा हेलीपैड पहुंच गई

ठीक 2 :32 पर अधिशासी अभियंता का फोन आता है कि मैं ओफीस में हूं आजाओं। आप को बता दें कि अधिशासी अभियन्ता सोमवार को शनिवार को यह तक की शुक्रवार को भी उत्तरकाशी में थी ही नहीं झूठ बोल रही थी। फोन के बाद देहरादून से हैलीकॉप्टर से आयी है संवाददाता पूरी पिक्चर बना चुका था, लेकिन जब संवाददाता ने जबाव दिया कि हैलीकॉप्टर पहुंच चुका है अभी - अभी तो अधिशासी अभियंता के पांव तले जमीन खिसकने लगी और कहने लगी कि मेरे कर्मचारी आपको मेरी पल-पल की खबरें दें रहे। इतना ही नहीं अधिशासी अभियंता यहां नहीं रूकी जहां जहां तक राजनीतिक पहुंच थी वहां - वहां तक फोन घुमाने लगी कि मेरे कर्मचारी मुझे बदनाम कर रहे हैं।मतलब दफ्तर में खुद नहीं बैठती ऊपर से झूठ का सहारा और जब झूठ पकड़ में आ गई तो पूरा ठेकरा अपने स्टाप पर फोड़ रही इस कहते हैं ष्उल्टा चौर कोतवाल को डांटे, बहरहाल देखते हैं कि अधिशासी अभियंता कितने दिन झूठ और राजनीतिक दबदवे के भरोसे रहती ये तो एक ट्रेलर था पिक्चर अभी पूरी बाकी है। अभी विभागीय योजनाओं का सिलेक्शन बाउंड की तहकीकात बागी है।यूं तो उत्तरकशी जिला इंजीनियरों के लिए उत्तरकाशी जनपद हमेशा स्वर्ग रहा है। इस लिए उत्तरकाशी जिले में डॉक्टर और शिक्षक पहाड़ चढ़ते नहीं और इंजीनियर यहां से मैदान छोड़ते नहीं। इससे पहले भी उत्तरकाशी में कई अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर चुके हैं। वर्ष 2005-06 में लोक आयुक्त ने 52 करोड़ की योजनाओं को फर्जी पाया था। इसके अलावा, धनारी क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज के नाम पर भ्रष्टाचार का मामला भी सामने आया था। जहां निर्माण के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी और तीन करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी ने भी अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई है।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में सेमिनार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी में स्कूल आफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में विधि पाठशाला 2.0 एवं सांख्य योग फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से 'कॉन्सेप्ट आफ आर्बिट्रेशन एंड मेडिशन' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व जज राजेश टंडन, विधि पाठशाला की फाउंडर एडवोकेट रितु गुजराल, संख्या योग फाउंडेशन के निदेशक डॉ. मुकुल शर्मा, विश्व. विद्यालय की वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, कुल. पति प्रा. डॉ. आशीष सेमवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व जज राजेश टंडन द्वारा आयोजकों को सेमिनार के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इस सेमिनार का जो उद्देश्य है कि विश्वविद्यालय के छात्रों में लीगल अवेयरनेस बढ़ाना छात्रों का पर्सनालिटी डेवलपमेंट करना है एवं उन्हें समाज के लिए जिम्मेदार बनना यह अपने आप में बड़ा काम हैकार्यक्रम में विधि के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एडवोकेट सुमन राघव, गीता चौधरी जनरल सेक्रेट्री संख्या योग फाऊंडेशन, मीना नेगी ज्वाइंट सेक्रेट्री उत्तराखंड प्रेस क्लब, डॉ. अनुराधा, डॉक्टर शालिनी बहुगुणा, डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, डॉ. विनीता क्षेत्री, प्रो. अनिल कुमार दीक्षित, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. गिरीश, सतपाल चौहान, मीना गुप्ता फाउंडर लाइट सीड सॉल्यूशन, कौशल आदि को वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, कुलपति प्रो. डॉ, आशीष सेमवाल, विधि पाठशाला की फाउंडर रितु गुजराल, संख्या योग फाउंडेशन के निदेशक डॉ. मुकुल शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर स्कूल आफ लॉ एंड लीगल स्टडी प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संदीप विजय, रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल, प्रिंसिपल एज्युकेशन सीता जुयाल, डीन इंजी. नियर आरबी सिंह, डीन होटल मैनेजमेंट डॉ. प्रदीप भट्ट आदि उपस्थित थे।

# लाखामंडल में लगा जनसुनवाई शिविर, 37 शिकायतें दर्ज

**अनुपस्थित विभागों पर कार्रवाई की संस्तुति**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के सीमांत क्षेत्र लाखामंडल में मंगलवार को 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत जनसुनवाई एवं बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी चकराता डॉ. हर्षिता सिंह ने की, जबकि शुभारंभ उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने किया।

शिविर में विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 37 शिकायतें दर्ज की गईं। खंड विकास अधिकारी चकराता राकेश बिष्ट ने बताया कि इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान हेतु प्रेषित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग, कृषि भूमि संरक्षण विभाग तथा आरपीडब्ल्यूडी (ग्रामीण निर्माण) विभाग के अनुपस्थित रहने पर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उपजिलाधिकारी से जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं वेतन रोके जाने की संस्तुति करने की बात कही।

शिविर के दौरान पांच महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता सिंह, खंड विकास अधिकारी राकेश बिष्ट, प्रधान लाखामंडल बीना भट्ट, मंडल अध्यक्ष क्वांसी प्रीतम सिंह, सहक. ारी समिति अध्यक्ष जगत सिंह चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल आर्य, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## थराली को जिला बनाए जाने की मांग

**थराली।** विधानसभा क्षेत्र थराली को जिला बनाएं जाने की मांग को लेकर ब्लॉक सभागार थराली में विधानसभा थराली बौद्धिक जागरण विकास मंच के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल जुलुस की शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचा जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से थराली को जिला बनाएं जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया। ब्लाक सभागार थराली में मंच के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख बख्ताबर सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नेगी ने कहा कि थराली क्षेत्र लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। जिला मुख्यालय से दूरी अधिक होने के कारण यहां के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं,उन्होंने थराली को अलग जिला बनने की मांग की।इस मौके पर मंच के उपाध्यक्ष डीडी उनियाल ने कहा कि 1985 से लगातार थराली को जिला बनाने की मांग क्षेत्रीय जनता के द्वारा उठाई जाती रही हैं इस लिए थराली को प्राथमिकता के साथ जिला बनाया जाना चाहिए।

# क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को विधायक ने किया अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** नगर पंचायत सेलाकुई वार्ड नंबर 3 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज वाली गली में क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने एमडीडीए अधिकारियों के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र की लंबित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करते हुए दो से तीन दिन के भीतर आवश्यक कार्य प्रारंभ किया जाए।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता के साथ और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं सभासद अनिल नौटियाल, वार्ड नंबर 3 के सभासद दीपक कंडारी, मंडल महामंत्री यशपाल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के इस त्वरित और जनहितकारी कदम की सराहना की।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मंगलवार को "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास" के संकल्प को साकार करते हुए विधायक सहदेव सिंह पुंडीर की विधायक निधि से भाजपा कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयास द्वारा न्यू डिफेंस कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से कॉलोनीवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रति. निधि विजेंद्र उनियाल, पार्षद किरण, कॉलोनी अध्यक्ष शंभू प्रशाद रतूड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन रावत, महामंत्री चंद्रशेखर सामंत, राजेश कुमार, हरीश, हरिओम, मोहन गुप्ता, राजेश बांठियाल, भारत बुटोला सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## राइंका हटाल में बोर्ड परीक्षार्थियों को वितरित किए प्रवेश पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय इंटर कॉलेज हटाल में उत्तराखंड बोर्ड की आगामी परिषदीय परीक्षाओं को लेकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को विधिवत प्रवेश पत्र वितरित किए गए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या सीना राय ने विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्या ने कहा कि 21 फरवरी से प्रारंभ हो रही बोर्ड परीक्षाओं को पूर्ण आत्मविश्वास और बिना किसी भय के दें। उन्होंने सलाह दी कि प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही उत्तर लिखें तथा समय का सही प्रबंधन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का मानसिक तनाव न लें और शांत चित्त होकर अपनी तैयारी को उत्तर पुस्तिका में प्रस्तुत करें। नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान रसायन विज्ञान की प्रवक्ता वंदना कनौजिया, शिक्षिका मंजू शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सुभारती महोत्सव 2026 का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में 'यूनिवर्सिटी कल्चरल एंड स्पोर्ट्स वीक दृ सुभारती महोत्सव 2026' का शुभारंभ कुलपति प्रो. डा. हिमांशु ऐरन की मौजूदगी में ऊर्जा और राष्ट्रवादी चेतना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. देश दीपक ने कहा कि सुभारती महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं के भीतर छिपी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देता है और विश्वविद्यालय की समग्र शिक्षा पद्धति का जीवंत उदाहरण है। इसके पश्चात कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुभारती शिक्षा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण के आदर्श और राष्ट्रसमर्पित सोच ही ऐसे आयोजनों की मूल प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सुभारती केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी मूल्यों का संवाहक है।

डायरेक्टर जनरल जी.के. थपलियाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का विकास करते हैं। कार्यक्रम की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी नीतिका कौशल ने पूरे छह दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ देश दीपक, डॉ. जीवन आशा निदेशक, लोकप्रिय हॉस्पिटल, डायरेक्टर जनरल जी.के. थपलियाल, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रविंद्र प्रताप यादव, डायरेक्टर प्रोजेक्ट लोकेश त्यागी तथा रजिस्ट्रार खालिद हसन, डीन एकेडेमिक्स डा. मनमोहन गुप्ता व संस्कृति विभाग से डा. कीमोठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मिधत असलम और प्रदीप महारा ने किया।

## व्यवस्थाओं को दिखाया आईना पालिकाध्यक्ष के घर फेंककर आए कूड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** नगरपालिका के तांबाखानी सुरंग के बाहर वषों से लगें कूडे की ढेर को लेकर 61 वें दिन भी धरना जारी रहा है।

मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने तांबाखानी टनल के बाहर कूड़े स्थल पर पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया है। आन्दोलन कारियों ने कहा कि जब बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं निकला, तो तांबाखानी सुरंग के बाहर फेंके गए कूड़े को उठाकर सीधे नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर सां. केतिक रूप से एक पेटी कूड़ा पहुँचाकर अपना विरोध दर्ज किया है।यह घटना केवल विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने का प्रयास है। जनता का साफ संदेश दे रही है कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर साथ में सागर भंडारी पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रताप नगर, अजय पंवार, विष्णु पाल सिंह रावत वरिष्ठ नेता यूकेडी, संदीप रावत, संतोष सेमवाल जिलाअध्यक्ष यूकेडी, जितेंद्र, अनुराग रांगड, सुनील कुमार, विनोद ब्रह्मचारी आदि मौजूद रहे है।

# प्रेस क्लब बनाने के लिए जमीन होगी उपलब्धःमंजू राजपूत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर पत्रकार संगठन ने प्रेस क्लब भवन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को एक ज्ञापन दिया। भारती राष्ट्रीय पत्रकार संठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र ने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं चौनलों से जुड़े कई दशकों श्रीनगर, कीर्तिनगर के तमाम क्षेत्रों में पत्रका. रिता कर रहे हैं तथा विषय परिस्थितियों में भी जनसरोकारों के मुद्दे उठाकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते आ रहे हैं, लेकिन वास्तविक तौर पर पत्रकारों के पास प्रेस क्लब के नाम पर जमीन उपलब्ध नहीं है। जिससे पर वह भवन बना सकें। उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मजू राजपूत ने पत्रकारों की जायज मांग को मानते हुए शीघ्र ही भवन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए तहसीलदार मोहम्मद शादाब ने पत्रकारों की जायज मांग ठहराते हुए राजस्व उपनिरीक्षक को तत्काल मौके पर जाकर जमीन उपलब्ध कराने को कहा। श्रीनगर प्रेसक्लब अध्यक्ष डा. श्रीकृष्ण उनियाल ने कहा कि इस संबंध में हमने काफी प्रयासरत रहे हैं, लेकिन उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत का रवैया सकारात्मक रहा है और पत्रकारों की समस्या को समझते हुए जमीन उपलब्ध कराने की हामी भरी है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सोंपने मे अंकित भट्ट, कमल पिमोली, कार्तिक बहुगुणा आदि मौजूद थे।

## मदमहेश्वर घाटी में गूंजा सनातन का उद्घोष

**ऊखीमठ।** मदमहेश्वर घाटी के प्रमुख हिल स्टेशन मनसूना में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहा. सिक समागम में घाटी के दर्जनों गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं, धर्माचार्यों और युवाओं ने हुंकार भरते हुए धर्म व संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।सम्मेलन का आकर्षण भव्य शोभा यात्रा रही, जिसमें पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विभिन्न विद्यालयों के नौनिहालों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन और गौ माता के पूजन के साथ संपन्न हुआ।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** श्री खाटू श्याम मंदिर समिति विकासनगर द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्राचीन शिव मंदिर, कैनाल रोड से नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर, हरबर्टपुर तक भव्य पैदल श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा प्रातः 10 बजे डीजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ प्रारंभ होकर मुख्य बाजार व बाबूगढ़ मार्ग से होते हुए दोपहर 2 बजे खाटू श्याम धाम मंदिर, हरबर्टपुर पहुंची। लगभग 1000 श्याम भक्तों सहित सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चों ने बाबा श्याम का निशान लेकर लगभग 4 किलोमीटर की पदयात्रा की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति धुनों पर झूमते हुए एवं अबीर-गुलाल के साथ आगे बढ़ते रहे।



विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा स्थान-स्थान पर स्वागत द्वार स्थापित कर पुष्प एवं इत्र वर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। दिल्ली से पधारे भजन प्रवाहक भैया दिव्य दास जी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने नगर भ्रमण के दौरान वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। मुख्य बाजार पहुंचने पर समिति द्वारा 10 हजार पटाखों की आतिशबाजी की गई। यात्रा के अंत में सतरंगी फूलों से सुसज्जित रथ में विराजमान बाबा खाटू श्याम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मार्ग में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित किए। तत्पश्चात धाम में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सुरक्षा गार्ड एवं स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा।इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक सुधीर महावर सहित शिवांश महावर, कौशल गुप्ता, आनंद अरोड़ा, भानु गुप्ता, विपिन महावर, हेमंत गुप्ता, संजय गुप्ता, मुदित अग्रवाल, जय प्रकाश महावर, राम मूर्ति गुप्ता, अंकित कंसल, संदीप चावला, पंकज गौड़, नीरज रोहिला, रतन गोयल, अक्षय राठौर, दिव्यांश गर्ग, सविता महावर, छवि गुप्ता, प्रवाली गुप्ता, श्वेता सिंघल, नीरू गोयल, चांदनी गुप्ता, अंजलि गुप्ता, कुसुम गुप्ता, मीरा गुप्ता, वैशाली महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धामी सरकार का शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश में आधुनिक ट्रांजिट नेटवर्क पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रदेश की शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड ई-बीआरटीएस की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें देहरादून और हरिद्वार सहित ऋषिकेश क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं की प्रगति पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निद. ेशक बृजेश कुमार मिश्रा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति



का प्रस्तुतीकरण किया। सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार शहरी ट्रांसपोर्ट सिस्टम को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ **आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने की ई-बीआरटीएस की विभिन्न परियोजनाओं की मैराथन समीक्षा**

बैठक में उत्तराखण्ड मैट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी. पाठक, संयुक्त महाप्रबंधक (एचआर) कृष्णा नन्द शर्मा, संयुक्त महाप्र. बंधक (एसएण्डटी) अजय बाबू, संयुक्त महाप्रबंधक (विद्युत) सौरभ शेखर, संयुक्त महाप्रबंधक (सिविल) जयनन्दन सिन्हा, उप-महाप्रबंधक (सिविल) गुरूलाल सिंह, सेक्शन इंजीनियर सर्वेश कुमार तथा सेक्शन इंजीनियर अशोक डोभाल उपस्थित रहे।

### 17 स्टेशन का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण

बैठक के उपरांत सचिव द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ प्रथम कॉरिडोर (आईएसबीटी से मसूरी डायवर्जन, कुल 17 स्टेशन) का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित आईएसबीटी स्टेशन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि स्टेशन निर्माण हेतु 0.64 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। संबंधित भूमि का स्वामित्व मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अधीन है। इस पर प्रबंध निदेशक ने परियोजना में शामिल विभिन्न शासकीय भूमि को शीघ्र निगम को हस्तांतरित किए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ हो सके।

### त्रिवेणी घाट-नीलकंठ रोपवे को मिली अहम स्वीकृति

बैठक में जानकारी दी गई कि त्रिवेणी घाट से नीलकंठ मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना को आवश्यक एनओसी/अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। निगम द्वारा स्टेज-1 फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु आवेदन भी कर दिया गया है। यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाएगी बल्कि पर्वतीय यातायात दबाव को कम करने में भी सहायक होगी। सचिव ने 30 वर्ष के कंसेशन पीरियड को भविष्य की परियोजनाओं में बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए, ताकि निजी निवेश आकर्षित किया जा सके और परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता मजबूत हो।

### हरिद्वार में इंटीग्रेटेड रोपवे और पीआरटी सिस्टम

हरिद्वार शहर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना (डीडीयू पार्किंग-चण्डी देवी-मनसा देवी एवं मल्टीमॉडल हब) की डीएफसी कराये जाने हेतु अनुरोध बैठक में किया गया। सचिव ने 18 फरवरी की तिथि डीएफसी प्रक्रिया के लिए निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट को पीपीपी सेल से वेटिंग कराया जाए।

# जी-मेन 2026 में आकाश के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून :** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड देहरादून के 11 स्टूडेंट्स ने जी मेन 2026 (सेशन 1) के दौरान एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है और अपने पूरे क्षेत्र में अपने एकेडमिक प्रोग्राम की लगातार सफलता का सबूत दिया है।

■ **20 स्टूडेंट्स ने किया बेहतरीन प्रदर्शन**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 16 फरवरी को जारी किए गए नतीजों के अनुसार, जी मेन 2026 में, आकाश इंस्टीट्यूट, देहरादून ब्रांच के 11 स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। वेदांत सिंह रौतेला ने शानदार 99.81 परसेंटाइल के साथ ब्रांच में टॉप किया, उसके बाद प्रक्षाल जैन ने 99.69 परसेंटाइल और वेदांश बहुगुणा ने 99.67 परसेंटाइल हासिल किए। अंशुल शर्मा और अरुणाभ निधि शर्मा दोनों ने 99.51 परसेंटाइल हासिल किए, जबकि विनायक ध्यानी ने 99.47 परसेंटाइल हासिल किए। आदित्य शर्मा ने 99.43 और हर्ष कुमार ने 99.27 परसेंटाइल हासिल किए। मनित खुराना ने 99.19, शौर्य नौटियाल ने 99. 09 और निशांत नेगी ने 99.05 परसेंटाइल हासिल किए, जो देहरादून ब्रांच की शानदार प्रदर्शन को दिखाता है।

# उत्तराखण्ड में ढ़ाई लाख से अधिक बहनें बनी लखपति दीदी: जोशी

■ **विभागीय मंत्री ने की ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को अपने शासकीय आवास पर ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम्य विकास मंत्री ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन पर जोर देते हुए



अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामुदायिक संस्थाओं को एंटरप्राइज विकास की दिशा में प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन को आपस में जोड़कर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को महिला आय-सृजन कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में 57 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड प्रदान किया जा चुका है। ग्राम्य विकास सचिव ने बताया कि राज्य में 2 लाख 53 हजार महिलाएं "लखपति दीदी" बन चुकी हैं। बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने पुरकुल गांव से लाईबेरी चौक तक रोप वे परियोजना की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, गढ़वाल सभा भवन निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में ग्राम्य विकास सचिव धीरज गर्ब्याल व आयुक्त अनुराधा पाल उपस्थित रहे।

# 'जन-जन की सरकार' कार्यक्रम बना जनसेवा का प्रभावी मॉडल

■ **17 फरवरी तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में कुल 648 कैंप आयोजित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन और सेवा वितरण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित कर रही है। 17 फरवरी तक प्रदेश के सभी 13 जनपदों में कुल 648 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। आज विभिन्न जनपदों में 10 कैंप आयोजित किए गए। अब तक इन कैंपों में कुल 5,12,767 नागरिकों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं दर्ज कराई हैं, जबकि आज आयोजित कैंपों में 15,660 नागरिकों ने सहभागिता की। यह आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं कि कार्यक्रम को प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक 32,841 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने हेतु 70,243 आवे. दन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अन्य योजनाओं से लाभान्वित किए गए व्यक्तियों की संख्या भी 2,85,738 तक पहुंच चुकी है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनपदवार प्रगति पर दृष्टि डालें तो अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी सहित सभी जिलों में व्यापक स्तर पर कैंप आयोजित कर नागरिकों को लाभान्वित किया गया है।

विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, देहरादून एवं पौड़ी जैसे जनपदों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है।

# सीएम के साथ संवाद में संगठन पदाधिकारियों ने दिए जरूरी सुझाव




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री के साथ वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य को लेकर आयोजित संवाद मे महत्वपूर्ण सुझाव और जानकारी साझा की।

बैठक में प्रतिनिधियों ने जिलेवार सांगठनिक गतिविधियों, सरकार की उपलब्धियां और क्षेत्रीय राजनैतिक समीकरणों की जानकारी साझा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी समस्याओं और सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए, शीघ्र निर्णायक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जो फीड बैक पहले और आज की बैठक में प्राप्त हुआ है, वह बेहद उत्साहवर्धक है। जिससे ये बात तो निश्चित है कि हम प्रदेश में तीसरी

■ **सीएम ने दिया सुझावों पर गंभीरता से क्रियान्वयन का भरोसा**

बार जीतने जा रहे हैं। हमें इस जीत को अधिक प्रचंड बनाने की दिशा में एकजुट होकर कार्य करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पार्टी पदाधिकारियों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए, शीघ्र क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारा पार्टी संगठन मजबूत एवं श्रेष्ठ है और सरकार भी जनता की सभी उम्मीदों को पूरा कर रही है। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद पीएम मोदी के नेतृत्व हम सबके साथ है। वर्तमान परिस्थितियों में आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हमारी निश्चित है, बस हम सबको मिलकर अपने प्रयासों को इसी दिशा में और अधिक व्यापक स्वरूप में करना है।

सीएम ने कहा कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए अनेक उपलब्धियां है, जबकि विपक्षियों के पास दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नही है। सरकार ने जन सरोकारों से संबंधित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए है और जनता ने उनको सराहा है। इन उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाना है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक लैंड जिहाद, लव जिहाद, नकल विरोधी कानून,यूसीसी सहित कई फैसले नजीर हैं।

सीएम आवास में हुई इस संवाद बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के साथ प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ,प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत कुंदन परिहार, तरुण बंसल, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी शामिल हुए

# यूजीसी बिल तत्काल लागू हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूजीसी विनियम 2026 को लेकर मूल निवासी संघ जिला इकाई नैनीताल ने मंगलवार को हल्द्वानी नगर में एक राष्ट्रव्यापी समर्थन रैली आयोजित की। इस रैली के दौरान, एक ज्ञापन यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में राष्ट्रपति को भेजने के लिए उप जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया। रैली अंबेडकर पार्क, मंगल पड़ाव से प्रारंभ होकर बुद्ध पार्क, तिकोनिया चौराहे तक पहुंची, जहां यह सभा में बदल गई। सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यूजीसी बिल 2026 को तत्काल लागू करने की मांग की और उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को हटाने का आह्वान किया। सभा में उपस्थित लोगों ने दृढ़ संकल्पित होकर कहा कि जब तक यूजीसी बिल 2026 लागू नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूल निवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल, जिला अध्यक्ष जीआर आर्य, जिला प्रभारी आरपी गंगोला, भाकपा माले के कैलाश पांडे, केके बोरा, इंजीनियर के चंद्र, जीआर टम्टा, नफीस अहमद, पूर्व पार्षद राधा आर्य, पार्षद रोहित कुमार, फिरोज खान, मुकेश बौद्ध, सुंदर लाल बौद्ध, विनोद कुमार उर्फ पिन्नु, यशोदा बौद्ध, हरीश मौर्य, रामनरेश दोहरे, हरीश लोधी, संजय टम्टा, दीपक कुमार, रितिक कुमार, लक्की राजपूत, रोहित कुमार आर्य, किशोरी लाल, गोपाल ग्वासीकोटी और नंदन ग्वासीकोटी शामिल हुए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि मैं फरजाना पुत्री श्री गुड्डू, निवासी ग्राम मार, मार थाना पीलीभीत, यू.पी. को हमेशा सनातन धर्म में लगाव व रूची रही है जिसमें मेरी आस्था व विश्वास है मैंने मुस्लिम धर्म छोड कर वर्ष 2020 से सनातन धर्म ग्रहण कर लिया है। मैं 2023 से श्री गोविन्द सिंह के साथ मकान नं. 05440 वार्ड 5 निकट शिव मन्दिर, सेलाकुई जिला देहरादून में रह रही हूँ। मैंने अपना नाम फरजाना से बदल कर किरन कर लिया है। भविष्य में मुझे किरन के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**फरजाना, मकान नं. 005440 वार्ड 5 निकट शिव मन्दिर, सेलाकुई, जिला देहरादून।**

**सूचना**

सर्वसाधाारण को सूचित किया जाता है कि उक्त जन्मप्रमाण पत्र में मेरे पुत्र की जन्मतिथि 05.08.2013 पुत्र का नाम हयात खान (Hayat Khan) गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 30.03.2013 तथा सही नाम मौ. हयात खान (Mohd. Hayat Khan) है भविष्य में मेरे पुत्र को सही नाम एवं सही जन्मतिथि से जाना पहचाना जाए।

**मुहम्मद अरशद अली खाँ**
**पुत्र अख्तर अली खाँ**
**निवासी-990 तुन्तोवाला रोड, नया नगर, मेहूँवाला माफी, पोस्ट आफिस-मेहूँवाला माफी जनपद-देहरादून, उत्तराखण्ड**

## कार्यालय सहायक अभियन्ता, सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

पत्रांक : 56/ सिं.उ.ख. गै./ निविदा/ गैरसैंण — दिनांक : 17/02/2026

**निविदा सूचना संख्या:- 11/ स.अ.-तृतीय/ 2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06.03.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| (अ) दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत कार्यों का विवरण। | | | | | |
| 1 | रा०इ०का० सिलपाटा के विद्यालय में 2 कक्षों की सुरक्षा दीवार मरम्मत कार्य। | 15000.00 | 4 माह | 500+18% GST | ई एवं उच्चतर |
| 2 | रा०इ०का० भराडीसैंण में प्रशासनिक भवन के पीछे की सुरक्षा दीवार मरम्मत कार्य। | 24000.00 | 4 माह | 1000+18% GST | ई एवं उच्चतर |
| 3 | रा०प्रा०वि० गरीबनगर में भवन के पीछे की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त मरम्मत कार्य।। | 22500.00 | 4 माह | 1000+18% GST | ई एवं उच्चतर |
| 4 | रा०प्रा०वि० भराडीसैंण में कक्षा कक्ष एवं छत मरम्मत कार्य। | 22500.00 | 4 माह | 1000+18% GST | ई एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तों का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पुरोला (उत्तरकाशी)

पत्रांक : 2097/ लेखा-विधायक निधि/वर्ष-2025-26 — दिनांक: 16.02.2026

**निविदा सूचना**

जिला विकास अधिकारी उत्तरकाशी के पत्रांक 1614 दिनांक 28.01.2026 के द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित कार्यों हेतु लो०नि०वि०/सिं०/लघु० सिं० व अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 04.03.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी तथा सभी ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत है। निविदा के साथ वांछित धरोधर एन०एस०सी०/राष्ट्रीकृत बैंको की एफ०डी०आर० जो खण्ड विकास अधिकारी पुरोला के पद नाम से बन्धक हो निविदा क्रय के समय प्रस्तुत कर निविदा फार्म के साथ संलग्न कर जमा करनी होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | जी.एस. टी. | निवि. वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड पुरोला के ग्राम पंचायत हुडोली में खेल मैदान का विस्तारीकरण। | 12000 | 1000 | 18 प्रतिशत | दिन | 90 दिन | डी व उच्चतर |

**निविदा की शर्तें**

1. निविदा की वैधता के लिये निविदा के साथ रू0 100.00 मूल्य के नानज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू० 1.00 का रेवेन्यू टिकट सहित घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा केवल पंजीकृत ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही स्वीकार किये जायेंगे तथा विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। पंजीकृत वित्तीय वर्ष 2025-26 का होना आवश्यक है।
3. अनुपस्थित निविदा दाता की निविदा खुलने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2026 से 10.02.2026 को प्रात: 10:00 बजे से 05:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकती है।
6. निर्माण कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दि० 16.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7. निविदा स्वीकृति की सूचना मिलने पर ठेकेदार को 7 दिन के अन्दर जमानत की 10 प्रतिशत धनराशि को खण्ड विकास अधिकारी पुरोला पदनाम से बन्धक रखते हुये उपस्थित होना होगा अन्यथा जमा धरोहर धनराशि राजकीय कोष में जमा कर दी जायेगी।
8. ठेकेदार द्वारा किये कार्य को सम्बंधित अधिकारी द्वारा निरीक्षण के उपरान्त ही भुगतान सम्भव होगा।
9. निविदा प्रपत्रों के साथ जी०एस०टी० एवं पैन नं० की प्रमाणित प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
10. सभी दरे सामग्री सहित होगी, विभाग द्वारा कोई सामग्री निर्गत नहीं की जायेगी।
11. यदि शासन द्वारा अपरिहार्य कारणवश निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं या उक्त कार्य को स्थगित किया जाता है तो ठेकेदार के किये गये कार्य के भुगतान का ही दावेदार होगा तथा अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
12. केवल प्रतिशत दरे ही मान्य होगी, सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, पुरोला**

# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● 14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिंग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

## आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा




**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुक. ाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नाम. ीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

### पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आई - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेग. ुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जो. विक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे




**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

● आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुम. राह को सुपर 8 स्टेज के लिए फेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# भारत 43 पदकों के साथ तालिका में टॉप पर

● दुबई 2026 ग्रां प्री 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 16 स्वर्ण, 13 सिल्वर और 14 कांस्य पदक जीते

**दुबई, वार्ता।** भारत ने शुरुआती दुबई 2026 ग्रां प्री- 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप- में शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा, जिसमें 16 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोलंबिया और केन्या ने अपने 20-20 मेडल में से 11 और 6 गोल्ड मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान यूएई सीजन के पहले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 31 मेडल में से 6 गोल्ड के साथ चौथे स्थान पर रहा। भारत के लिए, जो नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री होस्ट करेगा, उसके एथलीटों के लिए सीजन की शुरुआत कॉन्फिडेंस के साथ करना जरूरी था, और उन्होंने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर ठीक वैसा ही किया। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल पुरुषों की जेवलिन थ्रो64 में गोल्ड के साथ अपने पसंदीदा मैदानों में से एक पर लौटे, जबकि उनके साथी थ्रोअर और पेरिस 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप (पुरुषों की जेवलिन थ्रो41) और धर्मबीर नैन (पुरुषों की क्लब थ्रो 51) ने भी दुबई में जीत के साथ सीजन की शुरुआत की। उनके साथ पेरिस 2024 की डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल भी थीं, जिन्होंने महिलाओं की 100मी और 200मी टी35 इवेंट्स में क्रमश: गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। दुबई में उनके मेडल ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स के बाद उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन को और पक्का कर दिया।

# होबार्ट लेग को भारतीय टीम घोषित




## एफआईएच प्रो लीग

● भारतीय हॉकी टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान किया। यह टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी। आने वाले लेग में भारत स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला करेगा, जो एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होने की उम्मीद है। राउरकेला लेग पूरा करने के बाद, जहां भारत का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, टीम अब होबार्ट में फिर से इकठा होकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम में अनुभव के साथ युवा टैलेंट का मेल है, क्योंकि टीम का मकसद मजबूती से वापसी करना है। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 गेम्स में दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। हरमनप्रीत सिंह पर्सनल कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले युवा खिलाड़ी अमनद. ीप लाकड़ा और मनमीत सिंह ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सूरज और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी नाम हैं, साथ ही होनहार युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी भी हैं।

**मिडफील्ड की** कमान कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल संभालेंगे। उन्हें राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह का साथ मिलेगा।

**फॉरवर्ड लाइन** में जाने-माने अटैकर मंदीप, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा शामिल हैं। मनिंदर सिंह टीम में वापस आए हैं, जो हीरो एशिया कप 2022 और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले एडिशन में खेल चुके हैं।

# सकारात्मक अंदाज में अपना अभियान समाप्त करना चाहता है इटली




**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी हार के बावजूद इटली अपने अभियान को सकारात्मक अंदाज में खत्म करना चाहता है। हार के बावजूद, इटली की टीम ने दुनिया की टॉप टी 20 टीमों में से एक, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने जुझारू प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया, जिससे पता चलता है कि वह अपने पहले वर्ल्ड कप में ग्लोबल स्टेज पर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसा इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार है। स्टैंड-इन कप्तान हैरी मैनेंटी ने टूर्नामेंट को टीम के लिए एक अनोखा अनुभव बताया। हार के बाद मैनेंटी ने कहा कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारी तैयारी से पहले लाइट्स में नहीं खेला है। वे बस जोफ्रा आर्चर और दूसरों का सामना लाइट्स में शायद 15,000 लोगों के सामने कर रहे थे। जब आप आराम से बैठकर इसकी तारीफ करते हैं, तो यह काफी प्रभावशाली बात होती है। उन्होंने कम समय में इटली की शानदार बढ़त पर जोर दिया। हम रोम से आए थे, जहां हम यूरोप के छोटे देशों के खिलाफ सिथेटिक क्रिकेट खेलते थे। लेकिन हम वहां से 18 महीने के अंदर ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने तक पहुंच गए हैं। यह एक बहुत बड़ी चढ़ाई है।

# भारतीय 'ए'महिला टीम सेमीफाइनल में




## महिला एशिया कप

● भारत 'ए' टीम ने बैंकॉक में टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में नेपाल को सात विकेट से हराया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत ए ने मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बॉलिंग करते हुए, इंडिया ए ने तनुजा कंवर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नेपाल को 18 ओवर में सिर्फ 78 रन पर ढेर कर दिया, जिन्होंने चार विकेट लिए।

इंडिया ए ने सिर्फ 7-5 ओवर में टारगेट हासिल कर आराम से जीत हासिल कर ली। इस जीत से डिफेंडिंग चैंपियन तीन मैचों में चार पॉइंट्स और प्लस 3-042 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई। अपने पहले मैच में यूएई से हैरान करने वाली हार के बाद, कप्तान राधा यादव की टीम ने पाकिस्तान ए और नेपाल पर लगातार जीत के साथ जोरदार वापसी करते हुए नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। फील्डिंग चुनने के बाद इंडिया ने जल्दी ही स्ट्राइक कर ली, मिन्नू मणि ने पांचवें ओवर में बिदु रावल को आउट किया। इसके बाद इंडियन स्पिनर्स ने मैच पर कब्जा कर लिया, नेपाल के दस में से नौ विकेट लिए, जिसमें मिन्नू मणि ने 3/8 और राधा यादव ने दो विकेट लिए। नेपाल के लिए समझाना खड़का ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, लेकिन बाकी बैटिंग लाइन-अप टिक नहीं पाई। जवाब में, इंडिया ए ने जल्दी ही एक विकेट खो दिया, लेकिन वृंदा दिनेश सिर्फ 18 गेंदों पर 39 रन बनाकर नाबाद रहीं और दूसरे छोर पर कुछ विकेट गंवाने के बावजूद टीम को आसानी से जीत दिलाई।

### सिनर ने दोहा में जबरदस्त डेब्यू के साथ फॉर्म में की वापसी

**दोहा, वार्ता।** जैनिक सिनर इस हफ्ते दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जैनिक सिनर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हारने के दर्द को सोमवार को दोहा में नए मकसद में बदलना शुरू किया, जहां उन्होंने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में शानदार डेब्यू परफॉर्मेंस से भीड़ को रोमांचित कर दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से पांच सेट में हारने के दो हफ्ते बाद, सिनर दोहा में हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में टॉमस माचाक पर 6-1, 6-4 से शानदार जीत के साथ जीत की राह पर लौटे। अपनी 70 मिनट की जीत के साथ, दूसरे सीड खिलाड़ी ने इस लेवल पर अपनी जीत का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया, इससे पहले उन्होंने पिछले अक्टूबर में बीजिंग और वियना में खिताब जीते थे। अपने पहले राउंड के शानदार परफॉर्मेंस के दौरान, सिनर ने सर्व पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए।

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर-2025 बनी मंधाना



● इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया। उन्होंने कहा कि यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी। मंधाना को एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिंग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते।

## भगवानपुर पुलिस ने किया रविदास आश्रम के महंत की गुमशुदगी का खुलासा

# पत्नी से संबंधों के चलते पति ने कुल्हाड़ी से काट डाला

**❖शव बरामद, हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, मोबाइल समेत आरोपी दंपति व उसका भाई गिरफ्तार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** 10 फरवरी 2026 को ग्राम मोहम्मद बेगपुर उर्फ टकाभरी निवासी श्याम सिह ने कोतवाली भगवानपुर में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि रविदास आश्रम में निवासरत महात्मा बृजेश दास दिनांक 05/02/2026 बिना बताये कहीं चले गए हैं और तब से उनका कोई अता-पता नही है। प्रार्थनापत्र के आधार पर कोतवाली भगवानपुर पर गुमशुदगी क्रमाक 02/02026 पंजीकृत की गई। पड़ताल में मिली महत्वपूर्ण लीड-गुमशुदा बृजेशदास की तलाश में जुटी थाना भगवानपुर व सीआईयू रुड़की की संयुक्त पुलिस टीम ने विभिन्न सुरागों के आधार पर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि गुमशुदा बृजेश दास बागपत निवासी एक महिला के संपर्क में था तथा अंतिम बार भी उक्त महिला से ही मोबाइल नंबर के जरिए बात हुई थी।




पूछताछ में खुला चिट्ठा-सामने आयी जानकारी के मुताबिक जब पुलिस टीम ने उक्त महिला व उसके पति से गंभीरता से पूछताछ की तो महिला ने बताया कि पुराना परिचित होने व रिश्तेदारी में आने के चलते गुमशुदा बृजेश दास का अक्सर उसके घर पर आना जाना था। इस बीच बृजेश द्वारा अक्सर मानसिक व वित्तीय तौर पर परेशान किए जाने व अनावश्यक दबाव डालने पर महिला ने दिनांक 05.02.2026 को कॉल कर बृजेश दास अपने घर पर बुलाया जहां योजना के मुताबिक घर पहुंचे महिला के पति ने कुल्हाडी से वार कर बृजेश दास की हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी और उसके भाई ने रात के अंधेरे में शव और मोटर साईकिल कृष्णा नदी में बहा दिए। सबूतों को किया आग के हवाले-कत्ल की इस वारदात को छिपाने के लिए हत्यारोपियों ने मृतक का मोबाईल फोन, बिस्तर पर लगी चादर, गद्दा, मृतक के कुछ कपड़े व शव लपेटने के लिए इस्तेमाल की गई चादर को आग लगाकर नष्ट करने का भी प्रयास किया। निशांदेही पर शव व कुल्हाड़ी बरामद-हत्यारोपियों की निशांदेही पर पुलिस टीम ने नदी के किनारे से गुमशुदा महंत बृजेश दास का शव बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने भूसे के ढ़ेर मे छिपाकर रखी गयी कुल्हाड़ी, मृतक के मोबाइल के अधजले पार्टस/बैटरी, मृतक के जलाये कपडों की राख आदि बरामद की गई। विवरण आरोपित-संजीव पुत्र स्व0 रामपाल निवासी ग्राम गांगनौली थाना दोघट जिला बागपत उ0प्र0-महिला पत्नी संजीव निवासी उपरोक्त-जोगेन्द्र पुत्र स्व0 रामपाल वर्तमान निवासी सोनीपत हरियाणा पुलिस टीम थाना भगवानपुर-प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण- उ0नि0 नीरज रावत- उ0नि0 बालाराम जोशी- अ0उ0नि0 मनोज कुमार- कानि0 संजीव यादव-का0 उवैदउल्लाह आदि शामिल रहे।

## गंगनहर के किनारे मिला अज्ञात शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मंगलौर में गंग नहर के किनारे स्थित एक बाग में 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से पुलिस को शव के पास ही एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। मोटरसाइकिल के आधार पर मृतक की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों से संपर्क कर शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।मंगलौर सीओ अभिनय चौध री ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

# कलियर में दर्दनाक सड़क हादसा, 48 घंटे में दूसरी बड़ी टक्कर, एक युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांवड़ पटरी मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। स्कूटी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दियास

जानकारी के मुताबिक कांवड़ पटरी मार्ग पर दो दोपहिया वाहन अचानक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में प्रशांत शुक्ला (निवासी सिद्धार्थ एनक्लेव, रामनगर रुड़की) और गुलशन (पुत्र देशराज, निवासी पूरनपुर, राजपुर कोतवाली रानीपुर) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी ,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत शुक्ला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रुड़की के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी है। दूसरे घायल गुलशन की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और स्कूटी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है। प्रारंभिक आशंका तेज रफ्तार या लापरवाही की जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। गौरतलब है कि इससे पहले 7 फरवरी की देर शाम इसी थाना क्षेत्र के बेडपुर चौक के पास ईंट-भट्टे के समीप भी एक भीषण हादसा हुआ था।

# सेंट मार्क्स में हर्षोल्लास से आयोजित हुआ पुरस्कार समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** दिल्ली रोड स्थित सेंट मार्क्स अकादमी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक अकादमिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मधुराका सक्सेना (पूर्व प्राचार्या, एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज रुड़की) एवं रोटरी क्लब रुड़की की अध्यक्ष रीना सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के निदेशक कुवर जावेद इकबाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

निदेशक ने बताया कि वर्ष 2000 में स्थापित विद्यालय आज 25 वर्षों का सफल सफर तय कर एक मजबूत संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने विद्यालय के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि शुभम चौधरी अंतरराष्ट्रीय स्तर



पर जुडो खिलाड़ी हैं तथा संदीप पाल जिम्नास्टिक के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। हालांकि खेल प्रदर्शन के दौरान संदीप पाल दुर्घटना का शिकार हो गए, जिनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रिया अग्रवाल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि प्रधानाचार्या अजरा जावेद ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, ब्लूमिंग स्टार डांस, राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे, जिनसे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। अंत में छात्र-छात्राओं को अकादमिक पुरस्कार एवं स्पोर्ट्स अवॉर्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रिया अग्रवाल, शालिनी सक्सेना एवं फिरदौस खान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीनियर रोटेरियन सुभाष सरीन, प्रो. राजेश चंद्र, वीरेंद्र जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मेजर जनरल समीर भल्ला ने किया एनसीसी ग्रुप मुख्यालय का भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मेजर जनरल समीर भल्ला, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड, देहरादून द्वारा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय भ्रमण के क्रम में 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की का भ्रमण किया गया जहाँ उनका स्वागत ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी व लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा किया गया। वाहिनी के कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अतिथि के भ्रमण का शुभारंभ किया। कमान अधिकारी द्वारा बटालियन की कार्य प्रणाली के बारे में अपर महानिदेशक महोदय को जानकारी दी गई जिसके उपरांत जनरल ऑफिसर द्वारा बटालियन के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए कैडेट्स के लिए उच्चतम प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आवाहन किया गया । अपने उद्बोधन में उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से अनुशासन और आचरण के उच्चतम मानकों के साथ-साथ चरित्र परिपक्वता और निस्वार्थ सेवा के उच्चतम गुणों का पालन करने, क्षेत्र, जाति और पंथ की बाधाओं को पार करते हुए सौहार्द और टीमवर्क बनाए रखने का आवाहन किया । उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनके मूल्य प्रणालियों को गहरा करना और हमारे देश के समृद्धि , संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना है।

# छह दिन बाद मिला आईआईटी छात्र का शव

## गंगनहर में पैर फिसलने से आशीष शुक्ला हो गया था लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की से एक बेहद दुखद और महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। गंग नहर में डूबकर लापता हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के छात्र आशीष शुक्ला का शव छह दिनों की लगातार तलाश के बाद मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया। यह बरामदगी मोहम्मदपुर झाल क्षेत्र के पास से हुई, जहां पिछले कई दिनों से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, छात्र के लापता होने के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल व्यापक स्तर पर खोज अभियान शुरू किया था। इस अभियान में स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आपदा नियंत्रण टीमों और अन्य राज्यों से बुलाए गए प्रशिक्षित गोताखोरों ने भी हिस्सा लिया। दिन-रात चले इस ऑपरेशन में तेज धारा और गहराई जैसी चुनौतियों के बावजूद टीमों ने लगातार प्रयास जारी रखे। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि मंगलवार सुबह सर्च अभियान के दौरान टीमों को सफलता मिली और छात्र का शव गंगनहर से बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। यह घटना न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बेहद पीड़ादायक है। देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान से जुड़े छात्र की इस तरह असमय मौत ने हर किसी को झकझोर दिया है। वहीं, छह



दिनों तक लगातार चले इस खोज अभियान में शामिल सभी एजेंसियों के समन्वय और समर्पण की भी सराहना की जा रही है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद नहीं छोड़ी। फिलहाल प्रशासन द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने की भी बात कही है।

# नाबालिग से दरिंदगी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाला।** महिला एवं बाल अपराधों पर सख्त रुख अपनाए हुए हरिद्वार पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि ऐसे अपराधों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना बुग्गावाला क्षेत्र से नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामला 11 फरवरी 2026 का है, जब थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार निवासी एक व्यक्ति ने लिखित तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बहन को दिलनवाज पुत्र इरफान निवासी ग्राम लालवाला, थाना बुग्गावाला बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर आरोपी की गिरफ्तारीके निर्देश दिए। लगातार प्रयासों के बाद 16 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने अहम सुराग के आधार पर आरोपी और अपहृता को मीना कम्पनी, चंदोडर, जनपद अहमदाबाद गुजरात से बरामद कर लिया।

# पुलिस ने जेवरात सहित एक चोर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने चोरी की वारदात में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 को वादी डोडी चौहान पुत्र बलबीर सिंह निवासी सिंचाई विभाग कॉलोनी, गंगनहर ने तहरीर देकर बताया कि 6 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर अलमारी से सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इस संबंध में थाना गंगनहर पर मु0अ0सं0 0054/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अध ीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की और सर्विलांस व मुखबिर तंत्र की मदद से सुराग जुटाए। कड़ी मशक्कत के बाद 14 फरवरी 2026 को पुलिस ने आरोपी शुभम पुत्र लक्ष्मण दास निवासी मिलाप नगर, ढंढेरा, रुड़की को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से मांग का टीका, बच्चे की चौन, महिला की चौन, पेंडल तथा नाक की नथ सहित पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए उसने दिन में ही सूने घर को निशाना बनाया।

# झबरेड़ा क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती को लेकर अधिकारियों से मिले हितेश शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी विद्युत कटौती को लेकर आज पूर्व मंडी समिति मंगलोर के चेयरमैन पं हितेश शर्मा ने अधीक्षण अभियंता रूद के कार्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं सहित घेराव किया, और चल रही 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा मैं बड़े पैमाने पर विद्युत कटौती के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें अधीक्षण अभियंता रुड़की ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से



चलने की बात कही, इस अवसर पर उपस्थित विशु शर्मा शुभम सैनी देवेंद्र सिंह नाथीराम सत्यम चौधरी कुणाल सैनी ईशम सिंह मास्टर नाथीराम राजू सैनी मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

# तीन लोगों के खाते से चार लाख की साइबर ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी तीन व्यक्तियों के खाते से ৳400000 से भी अधिक की साइबर ठगी कर ली गई। ठगी का एहसास उस समय हुआ जब दूसरी ओर से फोन कर 10 लाख रुपए और भेजने को कहा गया।कस्बा निवासी व्यक्ति द्वारा साइबर ठगी के संबंध में थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा निवासी अक्षय कुमार गुप्ता द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे द्वारा सोमवार को फेसबुक पर एक आप डाउनलोड की गई थी यह आप शेयर मार्केट में पैसा लगाने तथा मुनाफा दिए जाने के संबंध में थी ।मेरे द्वारा लिंक डाउनलोड कर अपने पीएनबी झबरेड़ा बैंक खाता नंबर से 58000 ट्रेडिंग आप में भेज दिए गए थे। आप को डाउनलोड करते ही एक फोन आया तथा और पैसे भेजने को कहा गया। फोन आते ही मेरे द्वारा अपने दोस्त परवेज के खाते से 48000 रुपए तथा अपने रिश्तेदार अनुराग कुमार के खाते से 300000 इस खाते में भेज दिए गए। उक्त रुपए जाने के बाद उध र से फोन आया तथा 10 लाख रुपए और लगाओ कहा गया ।उधर से फोन आने पर तथा 10 लाख रुपए और लगाने के लिए कहने पर मुझे ऑनलाइन ठगी का एहसास हुआ। जब मेरे द्वारा इस नंबर पर फोन किया गया तो नंबर ही नहीं लग पाया। थाना ध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राकिब व उसकी पत्नी श्रीमती रेशमा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रीति ठीक ना होने के कारण मैंने राकिब व रेशमा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

श्रीमती खातून पत्नी स्व: इरफान नि. ग्राम नेहन्दपुर सुठारी थाना व तहसील लक्सर, जिला हरिद्वार।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिवार नकल में प्रार्थी के पुत्र का नाम शिवम दर्ज है जो गलत है। जबकि उसके पुत्र का सही नाम गोविन्द है। इसीलिए प्रार्थी के पुत्र को शिवम के स्थान पर सही नाम गोविन्द से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **मुकेश कुमार पुत्र कृपा नि. मौहम्मदपुर बुजुर्ग, लक्सर, हरिद्वार।**

# ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पनियाला रोड ,शिवपुरम रुड़की स्थित ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ,(अध्यक्ष बी.एस.एम शिक्षण संस्थान विशिष्ट अतिथि श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट सचिव बीएम शिक्षण संस्थान तथा डॉक्टर आनंद भारद्वाज (पूर्व संस्कृत शिक्षा निदेशक एवं पूर्व अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड) रहे।अन्य अतिथियों में श्री हर्ष तिवारी एवं श्रीमती वंदना तिवारी (एम .डी. कोटैक हेल्थ केयर), एडवोकेट भानु प्रताप गौतम ,श्रीमती सुनीता शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा, डॉ. ममता जोशी प्रधानाचार्य (बीएसएम बी. एड. कॉलेज) , श्री ब्रजमोहन रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक श्री वासुदेव पंत , प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत, श्री



राजीव पंत, श्री शैलेन्द्र पंत, श्रीमती ज्योति पंत ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। छात्रों के द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिनका उद्देश्य समाज को एकता, प्रेम, भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों का आयोजन छात्रों के कौशल विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्रों को विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में मोनिका, मानवी, दीपांशी, वंशिका रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए आर्यन,आयु, अनमोल,आयुष, रिद्धिमा, उमेमा, मंतशा, अक्षत, चंचल,सदीन, कुनाल, अक्षर ,अनिकेत, आदि छात्रों तथा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ममता, आंचल , विकास,माही, सांची,मधु आदि छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने बताया कि विद्यालय निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है । प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा पंत ने कहा कि विद्यालय छात्रों को शिक्षा के




नये अवसर देने में सक्षम है। प्रध ानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती आरती रावत, श्रीमती इंदु, श्रीमती सुकृति शर्मा, श्री आजाद पंवार, श्री अंकित कुमार, श्रीमती रंजिता शर्मा ,श्रीमती गीता, श्रीमती अनुराधा,श्रीमती सुषमा ,मोनिका,लक्की,श्रीमती ज्योति शर्मा ,श्रीमती प्रीति ,कंचन अग्रवाल, श्रीमती दीपमाला, श्रीमती अनुराधा , श्रीमती मीनू अग्रवाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


बुधवार, 18 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ़्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

**नसीम राना**

# सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरुपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# एचबीए 1 सी टेस्ट पर नया अध्ययन: डायबिटीज की चुनौतियां



**विनीत नारायण**

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13।5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।


# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशाट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेंगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बंगलादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवेन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बंगलादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बंगलादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बंगलादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्‍यन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे

■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमेरिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमेरिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की याद दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने इंपोर्ट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।



■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है

# किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू ऐश के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ऐ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदस्ईय केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108